mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-153 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
03 जून 2024 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



सर्जरी के बाद ...

# पंजाब में टल गया बालासोर जैसा रेल हादसा



## एक गाड़ी दूसरी से टकराई, बोगियां ऊपर चढ़ीं, तीसरी गाड़ी को चपेट में लिया

खन्ना (एजेंसी)। पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में रविवार सुबह करीब 4 बजे दो मालगाड़ियां टकरा गई। इनमें से एक का इंजन पलट गया और बाजू वाले ट्रैक से गुजर रही पैसेंजर ट्रेन से टकराया। हादसे में मालगाड़ी के 2 लोको पायलट घायल हुए हैं, जिन्हें पटियाला के राजिंद्रा अस्पताल रेफर किया गया। यह हादसा कुछ वैसा ही था, जैसा बीते साल ओडिशा के बालासोर में हुआ था। उस हादसे में रेलवे ट्रैक पर पहले से खड़ी ट्रेन को दूसरी ट्रेन ने आकर टक्कर मारी थी। इस टक्कर के दौरान तीसरी गाड़ी वहां से गुजर रही थी, वह भी हादसे का शिकार हुई। इस रेल हादसे



में 293 से ज्यादा लोगों की मौत और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। फतेहगढ़ साहिब में हुए इस हादसे की रूपरेखा कुछ वैसी ही है, लेकिन गति धीमी होने के कारण एक बड़ा हादसा होने से टल गया है। जानकारी के अनुसार, डेडीकेटेड फ्रंट कॉरीडोर के न्यू सरहिंद स्टेशन पर कोयले से भरी गाड़ी खड़ी थी, जिसे रोपड़ भेजा जाना था। इसी ट्रैक पर पीछे से एक अन्य कोयले से भरी गाड़ी आई, जिसकी टक्कर पहले से खड़ी कोयले की मालगाड़ी के साथ पीछे से हुई। इससे मालगाड़ी का इंजन पलट गया। इसी बीच कोलकाता से जम्मू तवी को जाने वाली स्पेशल समर गाड़ी (04681) अंबाला से लुधियाना की तरफ जाने के लिए निकली। जब यह ट्रेन न्यू सरहिंद स्टेशन के पास पहुंची तो इसकी रफ्तार धीमी थी। इसी दौरान दो मालगाड़ियों की टक्कर हुई। टक्कर लगने के बाद जब इंजन पलटा तो वह पैसेंजर ट्रेन से टकराया। पैसेंजर ट्रेन की रफ्तार धीमी थी तो ड्राइवर ने फौरन गाड़ी रोक ली और बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, गाड़ी को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। वहीं, ट्रैक का बुरा हाल है।

## संक्षिप्त समाचार

### हूती विद्रोहियों का लाल सागर-हिंद महासागर में बड़ा हमला

- अमेरिकी जहाजों के खिलाफ 6 ऑपरेशन चलाए

**सना (एजेंसी)।** यमन के ईरान समर्थक हूती विद्रोही लाल सागर और हिंद महासागर में अमेरिकी जहाजों को निशाना बना रहे हैं। हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता याह्या सारी ने शनिवार को बताया कि एक अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियल, एक युद्धपोत समेत तीन और जहाजों को निशाना बनाकर छह ऑपरेशन चलाए गए। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, याह्या ने आगे बताया कि लाल सागर के उत्तर में अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर आइजनहावर पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल और ड्रोन से



अटैक किया। उन्होंने कहा कि एयरक्राफ्ट पर पिछले 24 घंटे में दो बार अटैक किया गया। इसके अलावा लाल सागर में एक युद्धपोत और अबलियानी जहाज को निशाना बनाया गया। साथ ही मैना नाम के एक और जहाज को भी लाल सागर और अरब सागर में दो बार निशाना बनाया गया। अबलियानी जहाज एक ऑयल टैंकर है और मैना जहाज में पैसेंजर के साथ सामान एक देश से दूसरे देश भेजा जाता है। हूती विद्रोही लगातार जहाजों को निशाना बनाकर इजराइल पर युद्ध को खत्म करने दबाव बना रहे हैं। हूती विद्रोहियों ने अलोराइक नाम के जहाज को निशाना बनाया है।

### फुटबाल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया चुनाव हारे

- 10 साल के राजनीतिक सफर में छठवीं बार मिली पराजय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिक्किम विधानसभा के चुनावी नतीजे सामने आ गए हैं। इस चुनाव में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा को भारी बहुमत मिला है, लेकिन भारतीय फुटबाल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया चुनाव हार गये हैं। उन्हें बारफंग सीट पर सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के रिक्षल दोरजी भूटिया ने 4336 वोटों से पराजित किया।



बाइचुंग भूटिया सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी से उम्मीदवार हैं। वह इस पार्टी के उपाध्यक्ष है। उनकी पार्टी को राज्य में भारी हार का सामना करना पड़ा है। राज्य विधानसभा के लिए मतदान 19 अप्रैल को हुए थे। 2018 में बाइचुंग भूटिया ने अपनी पार्टी 'हमारो सिक्किम पार्टी ' की स्थापना की थी, हालांकि बाद में उसे राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट में विलय कर दिया। बाइचुंग भूटिया इससे पहले जितनी बार चुनाव में उतरे, हर बार उनको पराजय का सामना करना पड़ा। वह टीएमसी के टिकट पर दो बार पश्चिम बंगाल से हार चुके हैं। वह 2014 में दार्जिलिंग सीट से लोकसभा चुनाव में उतरे थे, उसके बाद वह 2016 में सिलिगुड़ी सीट से विधानसभा चुनाव में टीएमसी के उम्मीदवार बने।

# एलओसी पर घुसपैठ की फिराक में दर्जनों आतंकी

## डीजीपी ने बताई पाकिस्तान की ड्रोन वाली साजिश

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि रंजन स्वैन के अनुसार नियंत्रण रेखा (एलओसी)



के पार स्थित लॉन्च पैड पर सक्रिय लगभग 60 से 70 आतंकवादी भारत में घुसपैठ की फिराक में हैं। इसके साथ ही स्वैन ने बताया कि पाकिस्तान की क्षमता दिन पर दिन कम हो रही है, लेकिन इसके बावजूद ये देश जम्मू-कश्मीर में लोगों और सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस और अपराध जांच विभाग (सीआईडी) का दोहरा कार्यभार संभाल रहे स्वैन ने एक साक्षात्कार में कहा कि सुरक्षा सलाहकारों के साथ बैठकों में हम आम तौर पर ये बात सामने आई है कि प्रतिद्वंद्वी या दुश्मन ने भारतीय सीमा के अंदर लोगों और सामग्री भेजने पर लगाम नहीं लगाई है। सीमा से सटे इलाके में ड्रोन के जरिए इस तरह की गतिविधियों को अंजाम देना अब भी जारी है। विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी का भी जिक्र किया।

## 4 जून को शहजादे भी करेंगे साधना, तलाश रहे हैं गुफा

- एग्जिट पोल को लेकर प्रमोद कृष्णम का राहुल पर तंज

नई दिल्ली (एजेंसी)। एग्जिट पोल के अनुमान सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी पर तंज




कसा है। उन्होंने कहा है कि वह गुफा की तलाश में जुटे हैं। आचार्य कृष्णम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखते हैं, 4 जून की शाम को शहजादे भी साधना करने जाएंगे। गुफा की तलाश जारी है। आपको बता दें कि 4 जून को मतों की गिनती होनी है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी, अखिलेश यादव और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को टैग कर तंज कसा है।

# चांद के सबसे अंधेरे हिस्से में चीन की हो गई लैंडिंग

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के स्पेस मिशन ने रविवार को बड़ी कामयाबी हासिल की है। 3 मई को लॉन्च किए गए चांग ई-6 मून लैंडर ने लगभग एक महीने बाद रविवार

- 23 दिन में सैंपल लेकर लौटेगा चांग ई-6 लैंडर
- सफल हुआ तो ऐसा करने वाला पहला देश बनेगा

सुबह चांद के अंधेरे वाले हिस्से पर सफल लैंडिंग की। ये लैंडिंग चीन के मून मिशन के लिए काफी अहम मानी जा रही है। इसके जरिए चीन चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने वाला पहला देश बनना चाहता है। चीन की स्पेस एजेंसी के मुताबिक चांग ई-6 लैंडर चांद के दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन में उतरा। यहां से चंद्रमा की सतह के नमूने इकट्ठा करना शुरू करेगा। यह चीन का अब तक का



सबसे मुश्किल मून मिशन है। हालांकि, चीन के लैंडर ने पहले भी चांद के सुदूर हिस्से में लैंडिंग की थी। पहली बार चीन ने ही 2019 में ऐसा किया था।

# '5 दांव' ने तय किया 'मिशन 2024' का टारगेट

## एग्जिट पोल से मिल गया बड़ा इशारा, मोदी के खेल में विपक्ष हो गया चारों खाने चित

### बड़ी आबादी को मिला पीएम मोदी की स्कीम का लाभ,राशन योजना भी बनी 'गेम चेंजर'

पटना (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव परिणाम के बारे में पहले से जो अनुमान लगाए जा रहे थे, एग्जिट पोल ने उसकी पुष्टि कर दी है। ज्यादातर लोग नरेंद्र मोदी की तीसरी बार सत्ता में वापसी का अनुमान लगा रहे थे। फर्क सिर्फ सीटों की संख्या को लेकर था। नरेंद्र मोदी ने '400 पार' का नारा देकर विपक्ष को सस्पेंस में डाल दिया था। पूरे चुनाव के दौरान विपक्ष मोदी के दावे की हकीकत बताने में ही लगा रहा। विपक्षी नेता इसी में लगे रहे कि मोदी को उतनी सीटें आने से रहीं, जितनी वे दावा कर रहे हैं। कोई एनडीए को 200 सीटों से नीचे जाता देख रहा था तो कई 150 पर सिमट जाने के दावे कर रहे थे। एग्जिट पोल के अनुमान में विपक्ष के दावे पर पानी फिरते दिखा। यह अलग बात है कि वास्तविक परिणाम से



एग्जिट पोल का मेल खाना जरूरी नहीं।

कई बार एग्जिट पोल के अनुमान ध्वस्त भी हुए हैं। पर, अधिकतर अनुमान वास्तविक नतीजों का संकेत तो देते ही रहे हैं। पहली जून की शाम एग्जिट पोल के अनुमान आए तो दिन में 'इंडिया' ब्लॉक ने बैठक कर अपना अनुमान बता दिया। खरगे ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन को 295 से ज्यादा सीटें मिलेंगी।

### उज्जवला योजना से 10 करोड़ तक पहुंच

मोदी सरकार ने उज्जवला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक लोगों तक अपनी पहुंच बनाई है। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ मकान बने हैं। आम बजट में इसे पांच करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को सालाना 6000 रुपये मोदी दे रहे हैं। सालाना तीन किस्तों में सम्मान निधि का भुगतान पाने वाले 11 करोड़ किसान हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र की क्रांतिकारी आयुष्मान भारत योजना मोदी ने 2018 में शुरू की।

### मोदी सरकार की मुत राशन योजना

नरेंद्र मोदी की सरकार ने लोक कल्याण की कई ऐसी योजनाएं अपने दो कार्यकाल में शुरू कीं, जिनका फल उन्हें मिलना पहले से ही तय माना जा रहा था। मोदी ने इन योजनाओं के जरिए दूसरी पार्टियों की मुफ्त योजनाओं की हवा निकाल दी है। पांच किलो मुफ्त राशन योजना के जरिए मोदी ने 81 करोड़ लोगों तक अपनी सीधी पहुंच बनाई है। इस योजना की लोकप्रियता का विपक्षी गठबंधन को पहले अंदाजा नहीं था। विपक्ष इसके लिए मोदी की आलोचना करता था। जब इसके असर का इंडिया ब्लॉक को इल्म हुआ तो बीच चुनाव में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पांच किलो के बजाय लोगों को 10 किलो मुफ्त राशन देने की घोषणा की।

## पंजाब में वोटिंग के बाद एमएलए ने वापस लिया इस्तीफा

- चुनाव से पहले एएपी छोड़कर भाजपा में गए थे, सोशल मीडिया से मोदी का परिवार हटाया

**जालंधर (एजेंसी)।** पंजाब के जालंधर वेस्ट से विधायक शीतल अंगुराल ने रविवार को अपना इस्तीफा वापस ले लिया। अंगुराल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की टिकट से चुनाव लड़कर विधायक बने थे। लोकसभा चुनाव से पहले 27 मार्च को वह भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने वेरिफिकेशन के लिए 3 जून को शीतल अंगुराल को बुलाया था। लोकसभा चुनाव की वोटिंग के अगले दिन ही शीतल ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा- अगर अब तक उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाता तो पश्चिम हलके में दोबारा चुनाव करवाने पड़ेंगे, जिससे सरकार का चुनाव खर्च भी बढ़ जाता। यही वजह है कि वह अपना इस्तीफा वापस ले रहे हैं। फिलहाल इस पर शीतल अंगुराल की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है लेकिन उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मोदी का परिवार हटा दिया है। उनके भाई राजन अंगुराल ने एक पोस्ट शेयर किया है।



# अरुणाचल में बीजेपी का डंका

## सिक्किम में एसकेएम की वापसी



- **तस्वीर साफ होते ही शुरू हुआ जश्न, राज्यपाल से मिले दोनों सीएम**
- **अरुणाचल में कांग्रेस को एक सीट, भाजपा के 10 विधायक निर्विरोध**

**ईटानगर/गंगटोक (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की मतगणना पूरी हो गई है। सिक्किम में सत्ताधारी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) 32 में से 31 सीट जीतकर फिर से सरकार बना रही है। विपक्षी दल सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) को एक सीट मिली है। पूर्व सीएम पवन कुमार चामलिंग भी चुनाव हार गए हैं। उधर, अरुणाचल प्रदेश में भाजपा फिर सरकार बना रही है। भाजपा को 60 में से 46 सीट पर जीत मिली है। भाजपा पहले ही 10 सीटें निर्विरोध जीत चुकी है। यहां कांग्रेस को 1, नेशनल पीपुल्स पार्टी को 5, एनसीपी को 3, पीपीए को 2 और निर्दलीयों को 3 सीटें मिली हैं। अरुणाचल में भाजपा ने सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि कांग्रेस ने केवल 19 सीटों पर कैंडीडेट्स उतारे थे। वहीं, सिक्किम में एसकेएम और एसडीएफ ने 32-32, वहीं एनसीपी ने 31 उम्मीदवार उतारे थे। कांग्रेस ने 12 सीटों पर चुनाव लड़ा था। सिटिजन एक्शन पार्टी-सिक्किम ने 30 सीटों पर कैंडीडेट उतारे थे। अरुणाचल और सिक्किम विधानसभा के लिए 19 अप्रैल को एक चरण में वोटिंग हुई थी। दोनों ही राज्यों में कांग्रेस का खाता नहीं खुला है।



## भड़के राहुल बोले- ये मोदी जी का पोल है

### तोड़ी चुप्पी, बताया-इंडिया गठबंधन को आ रही 295 सीटें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एग्जिट पोल पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने इन एग्जिट पोल को मोदी मीडिया पोल कहा है। राहुल गांधी ने कहा कि ये मोदी जी का पोल है, फैंटेसी पोल है उनका। वहीं उनसे जब पूछा गया कि विपक्षी गठबंधन को कितनी सीटें आ रही तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि 295 सीटें आएंगी। राहुल गांधी रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की बुलाई बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने पार्टी प्रमुखों के साथ बैठक की।

### गांधी को नमन, मंदिर में पूजा,माता-पिता का आशीर्वाद

# अब तिहाड़ पहुंचे केजरीवाल, किया सरेंडर

### आधे घंटे बाद कोर्ट ने 5 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा; बोले-पता नहीं कब वापस आऊंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार की शाम 5 बजे तिहाड़ जेल में सरेंडर किया। इससे पहले वे आम आदमी पार्टी के दफ्तर गए और कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने कहा, मैं देश बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मुझे नहीं पता कब वापस आऊंगा। वहां मेरे साथ क्या-क्या होगा, मुझे नहीं पता। दिल्ली सीएम ने कहा, 2024 लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल कल सामने आए। लिखकर ले लीजिए, ये सभी एग्जिट पोल फर्जी हैं। एक एग्जिट पोल ने राजस्थान में बीजेपी को 33 सीटें दी थीं, जबकि वहां सिर्फ 25 सीटें हैं। असली मुद्दा यह है कि उन्हें ऐसा क्यों करना पड़ा।



उन पर दबाव बनाया गया होगा। वहीं, सरेंडर करने के करीब 30 मिनट बाद ही कोर्ट ने ईडी की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया।

### मैं देश के लिए फांसी पर चढ़ने के लिए भी तैयार हूं

पार्टी दफ्तर पहुंचे केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, मैं आज इसलिए जेल नहीं जा रहा कि मैंने कोई भ्रष्टाचार किया है। मैं इसलिए जेल रहा हूं क्योंकि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत की है। मैंने इन 21 दिनों में एक मिनट भी जाया नहीं किया। मुझे नहीं पता कि अब मैं कब वापस आऊंगा, लेकिन मुझे कोई परवाह नहीं है। मेरे खून की एक एक बूंद इस देश के लिए है। मैं देश के लिए फांसी पर चढ़ने के लिए भी तैयार हूं। उन्होंने आगे कहा, 4 तारीख को मंगलवार है। भली करेंगे बजरंगबली।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ.यादव के निर्देश पर श्योपुर पहुँचे ऊर्जा मंत्री

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने नाव दुर्घटना में काल कवलित हुए मृतकों के परिजनों से श्योपुर पहुँच कर मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देकर ढांढस बंधाया। मंत्री श्री तोमर अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में रिश्तेदारी में शामिल होने जा रहे 11 लोगों से भरी नाव सीप नदी में डूबने से हुए हादसे में सात लोगों की मृत्यु की ह्रदय विदारक घटना पर गहन दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से दुर्घटना में सभी मृतकों के परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह राशि प्रदान कर आर्थिक सहायता दी जायेगी। श्री तोमर ने पीड़ित परिजनों को भरोसा दिलाया कि दुःख की इस घड़ी में मध्य प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुस और ऊर्जा मंत्री अपने पूर्व निर्धारित सभी कार्यक्रम स्थगित कर शनिवार की रात को ही श्योपुर के लिए रवाना हो गए थे। मंत्री श्री तोमर घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद श्योपुर के जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने जिला अस्पताल के शव परीक्षण गृह (पीएम हाउस) पहुंचकर नाव हादसे पर कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ और श्री पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद से पूरे हादसे की जानकारी ली तथा पीड़ित परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इस हादसे में 5 बच्चों सहित 7 लोगों की मृत्यु रिपोर्ट हुई है। इनके शव एसडीआरएफ की टीम ने तीन घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बरामद कर लिए हैं। एक बालक अभी लापता है। रात होने की वजह से रविवार को भी तलाश की जा रही है।

### 15 जून तक आंगनवाडी केन्द्रों के संचालन का समय परिवर्तन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ग्रीष्मकाल में अत्यधिक तापमान को दृष्टिगत 15 जून 2024 तक आंगनवाडी केन्द्रों के संचालन का समय हितग्राहियों के लिए प्रातः 07ः30 बजे से प्रातः 10ः30 बजे तक किया गया है एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता/सहायिका प्रातः 7ः00 बजे से अपरान्ह 2ः00 बजे तक केन्द्र पर उपस्थित रह कर कार्यों / गतिविधियों का नियमानुसार संचालन करेंगी। आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### मानव संग्रहालय में ट्रैकिंग, पेंटिंग प्रतियोगिता और प्रदर्शनी पांच जून को

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** श्यामला हिल्स पर स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा 05 जून, बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत यूथ होस्टल एसोसिएशन आफ इंडिया एवं भोपाल बर्ड्स सोसायटी के सहयोग से हम और हमारा पर्यावरण कार्यक्रम में ट्रैकिंग के दौरान वृक्षों और पक्षियों की पहचान की जाएगी। यह कार्यक्रम संग्रहालय के झील की और स्थित प्रवेश द्वार दो से सुबह 6.30 बजे से प्रारंभ होगी। मानव संग्रहालय पर डूडल आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन आवृत्ति भवन में किया जाएगा। जनजातीय आवास परिचयात्मक दीर्घा में करो और सीखो संग्रहालय शैक्षणिक कार्यक्रम के तहत पश्चिम बंगाल के कालीघाट चित्रकला पर 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें 12 साल से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकंगे, यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से होगा। इसके साथ ही स्व. अमृत लाल बेगड़ के नर्मदा आधारित चित्रों की प्रदर्शनी रेवा तट से वीथी संकुल अंतरंग प्रदर्शनी भवन में 12.30 बजे आयोजित की जाएगी। संग्रहालय के पुनित वन कोविल काडू और आयरन देवस्थानम में भोपाल में निवासरत तमिल समुदाय के लोगो द्वारा अनुष्ठानिक कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11.30 बजे पुनीत वन में किया जाएगा। वहीं शाम चार बजे से लोकेश ओहरी द्वारा शैल कला धरोहर भवन में संग्रहालय लोक रुचि व्याख्यान दिया जाएगा। नदी की जीवन गाथा पर आधारित नृत्य नाटिका अमृतस्य नर्मदा की प्रस्तुति शाम 6.30 बजे दी जाएगी। इसे डा. सुचित्रा हरमलकर के निर्देशन में कार्तिक कला अकादमी के 14 कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

### बच्चों की कलाओं से चहका गांधी भवन, नृत्य, गायन और नाट्य में दिखाया हुनर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** गांधी जी के विचारों का समाज से अंगीकार करवाने वाला केंद्र गांधी भवन शनिवार की शाम कलाओं का घर बनकर महक रहा था। जहां किसी कोने में बच्चों की चित्रकलाएं पहाड़ों और जंगलों की कहानी कह रही थी, तो किसी मंच पर बच्चों के थिरकते कदम और उनका सुरीला गान उनकी मेहनत का बखान कर रहा था। यह आयोजन 15 दिवसीय कला शिविर के समापन अवसर पर आयोजित किया गया था। शिविर में शामिल हुए करीब 100 से अधिक बच्चों ने यहां कला की विविध विधाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने प्रार्थना के संगीतमय गायन से की।

# पीढ़ियों के निर्माता हैं शिक्षक प्रशिक्षक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा पीएमश्री योजना अंतर्गत स्रोत शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 29 से 31 में 2024 तक नरोना प्रशासन अकादमी भोपाल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में स्रोत शिक्षक के रूप में लगभग 100 प्राचार्य व शिक्षक सहभागी रहे। प्रशिक्षण के समापन सत्र में प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने सहभागियों का मार्गदर्शन किया और उनसे पूर्ण समर्पण तथा कर्मठता के साथ विद्यार्थी हित में कार्य की अपेक्षा की।




श्रीमती शमी ने कहा कि शिक्षक को राष्ट्र निर्माता कहते हैं। शिक्षक अपने सेवाकाल मे अनेक पीढ़ियों के निर्माण करते हैं तो इस लिहाज से, शिक्षक प्रशिक्षक पीढ़ियों के निर्माता हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ऐसे स्रोत शिक्षक तैयार करना है जो अपने जिले के अन्य पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यो एवं शिक्षकों को योजना के लक्षित बिंदुओं की प्राप्ति के लिये प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण में पीएमश्री योजना के उद्देश्यों से अवगत कराने के अतिरिक्त ग्रीन एवं क्लीन विद्यालय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड, स्कूल लीडरशिप डेवलपमेंट, मेंटल हेल्थ और वेल बीइंग, एक्शन प्लान, मॉनिटरिंग, पीअर लर्निंग,जो कैपेसिटी बिल्डिंग, इन्नोवेशन इन स्कूल, सेल्फ डिफेंस, वोकेशनल एजुकेशन, डिजिटल लिटरेसी विषयों को केंद्रित करते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन सत्र में प्रमुख सचिव श्रीमती शमी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण का फीडबैक भी लिया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण को बहुत ही सार्थक बताया, साथ ही यह विश्वास दिलाया कि वे सभी अपने अपने जिले के समस्त पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण में प्राप्त भावनाओं और कार्य नीतियों के साथ प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। यह प्रशिक्षण एनसीईआरटी, नीपा, एक्सप्रेशन इंडिया, लैंड ए हैंड, मुक्का मार, माइक्रोसॉफ्ट, शिक्षालोकम, पीपल आदि संस्थाओं के मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रदान किया गया।

## मलेरिया निरोधक माह में लार्वा सर्वे एवं जागरूकता पर हो विशेष ध्यान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मलेरिया निरोधक माह के अंतर्गत शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी के निर्देशन में जिला मलेरिया अधिकारी श्री अखिलेश दुबे ने मलेरिया माह का शुभारंभ सांई बाबा बोर्ड चौराहे से किया। इस दौरान जिला मलेरिया सलाहकार श्रीमती रुचि सिलाकारी, क्षेत्रीय समन्वयक फैमिली हेल्थ इंडिया डॉ. संतोष भार्गव, जोन प्रभारी शाहिद हसन, दिलीप बाथम, मनोज तिवारी, स्टोर इंचार्ज राकेश सोनपुरे कार्यक्रम सहयोगी एंबेड रत्नेश सिंह, सहित मलेरिया एवं एंबेड टीम उपस्थित रही। टीम द्वारा लार्वा सर्वे एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला मलेरिया अधिकारी श्री अखिलेश दुबे ने कहा कि सभी लोग मलेरिया माह के अंतर्गत अपने अपने क्षेत्रो मे जागरूकता फैलाएं एवं अधिक से अधिक लोगो को जोड़े आंगनवाड़ी में स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दिन ज्यादा से ज्यादा महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को मलेरिया से बचाव के बारे में जानकारी दे। इस बार का



फोकस लार्वा सर्वे एवं जागरूकता पर हो सहभागिता, सामंजस्य एवं अन्य विभागों से जुड़ाव निश्चित रूप से मलेरिया उन्मूलन में सहायक होगा। जिला मलेरिया सलाहकार श्रीमती रुचि सिलाकारी, क्षेत्रीय समन्वयक फैमिली हेल्थ इंडिया डॉ.संतोष भार्गव ने कहा कि मलेरिया माह में अधिक से अधिक प्रचार एवं प्रसार किया जाएगा। सभी जोन में टीम के द्वारा मलेरिया माह को लेकर विभिन्न गतिविधियां अपने - अपने स्तर पर को जा रही है जो कि निरंतर जारी रहेंगी।

## बड़े तालाब में मिल रहा गौहर महल का नाला, जिम्मेदार बरसाती नाला कहकर झाड़ रहे पल्ला

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** शहर की जीवन रेखा बड़ा तालाब गंभीर खतरे में है। यहां के पानी में नालों का जहर घुल रहा है। एक या दो नहीं, बल्कि कई नालों की गंदगी तालाब में जा रही है। इसका अंदाजा गौहर महल नाले को देखकर लगाया जा सकता है, जो तालाब को लगातार प्रदूषित कर रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस बात से अपने आपको बेखबर बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। जबकि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी वर्ष-2021 में नगर निगम को शहर के सभी झील, तालाबों को 100 फीसद सीवेज मुक्त करने के आदेश दिए थे, जिनका पालन अब तक नहीं हुआ। इस संबंध में झील संरक्षण प्रकोष्ठ के अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता का कहना है कि वह नाले का गंदा पानी नहीं है, बल्कि बरसाती नाला है। हैरत की बात यह है कि शहर में इस वक्त भीषण गर्मी पड़ रही है, कहीं बारिश नहीं हो रही तो फिर तालाब में जो पानी मिल रहा है वह कहां का है। शहर की प्यास बुझाने वाले बड़े तालाब में छोटे-बड़े मिलाकर लगभग 17 नालों का पानी आज भी मिल रहा है। रोज करोड़ों लीटर सीवेज से शहर की लाइफलाइन दिन ब दिन बर्बाद होती जा रही है। नगर निगम के दावों के बावजूद 100 फीसद सीवेज रोक पाना संभव नहीं होगा, क्योंकि शहर में लगभग 390 एमएलडी सीवेज निकलता है। इस गैप को भरने में एसटीपी निर्माण और सीवेज लाइन बिछाने के लिए करोड़ रुपये की जरूरत है।

केंद्र और राज्य सरकारों की मदद के बिना नगर निगम अपने बूते पर यह काम कर पाने में सक्षम नहीं है। भोपाल में सीवेज ट्रीटमेंट क्षमता 90.54 एमएलडी है। अमृत योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च करके 9 एसटीपी और 19 सीवेज पंप हाउस बनाए गए, लेकिन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की कमी के कारण आज भी तालाब में नालों की गंदगी मिल रही है। जबकि शहरी क्षेत्र में 81 बरसाती नालों में से 47 घरेलू सीवेज की गंदगी बहकर जलाशयों में पहुंचती है।

## नर्सिंग कालेजों में बिहार, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों की रहती थी भरमार, सिर्फ परीक्षा देने आते थे विद्यार्थी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नर्सिंग कालेजों में तय मापदंडों के साथ तो मजाक हुआ ही ऐसे विद्यार्थी भी यहां से डिग्री, डिप्लोमा लेकर चले गए जिन्होंने कभी कालेज का भवन तक नहीं देखा। फर्जी तरीके से संचालित होने वाले कालेजों में सबसे अधिक विद्यार्थी बिहार, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से आते थे। इनमें अधिकतर जीएनएम डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेते थे। मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय लेकर स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी इन कालेजों की कभी जांच नहीं की। कालेजों में गड़बड़ी 2018 से बढ़ी, जब राज्य सरकार ने



इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आइएनसी) की जगह अपने मापदंड निर्धारित किए। यह मापदंड आइएनसी से अधिक सरल कर दिए गए, जिससे बड़ी संख्या में कालेज खुले। मप्र नर्सिंग काउंसिल ने मापदंड पूरा नहीं करने वाले कालेजों को भी मान्यता दे दी। सूत्रों ने बताया कि दलालों के माध्यम से दूसरे राज्यों के विद्यार्थी कालेजों में प्रवेश लेते थे। वह सिर्फ परीक्षा देने के लिए आते थे। इनमें सबसे अधिक बिहार के रहते थे।

कालेज संचालक इनसे मनमानी पैसा लेते थे। दूसरे नंबर पर दूसरे राज्यों से सबसे अधिक विद्यार्थी राजस्थान से आ रहे थे। यहां के युवाओं के लिए नर्सिंग सर्वाधिक पसंद का पेशा है, पर सभी को वहां के कालेजों में प्रवेश नहीं मिल पाता। इस कारण वह दूसरे राज्यों में डिग्री-डिप्लोमा करने के लिए जाते हैं। प्रदेश में वर्ष 2020-21 के बाद से नर्सिंग कालेजों की बाढ़ आ गई। गड़बड़ी का ऐसा खेल चला कि कालेजों के जो पते दिए गए थे वहां कहीं स्कूल तो कहीं और कुछ काम होता मिला। आदिवासी जिलों में इस दौरान खूब कालेज खुले। कारण, एससी-एसटी विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति थी। नर्सिंग के अलग-अलग कोर्स में एक विद्यार्थी को 30 हजार से 40 हजार रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति मिलती है।

## 4 जून को मतगणना, हर चक्र के परिणाम घोषित करने के साथ अभिकर्ताओं को मिलेगी प्रमाणित प्रति

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** चार जून को मध्य प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों पर होने वाली मतगणना के लिए चुनाव आयोग की तैयारी पूरी हो गई है। हर चक्र की गणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। इसकी प्रमाणित प्रतिलिपि प्रत्याशी या उनके अधिकृत अभिकर्ताओं को भी दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मतगणना पर वेबकास्टिंग के माध्यम से नजर रखी जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। ग्वालियर-चंबल अंचल की संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्रीय सुरक्षा बल के साथ राज्य का अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने हर चक्र की गणना के बाद परिणाम घोषित करने और उसके प्रमाणित प्रतिलिपि देने की मांग की थी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन का कहना है कि चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के अनुरूप मतगणना की व्यवस्थाएं की गई हैं। हर चक्र की गणना के बाद उसके परिणाम घोषित करके प्रतिलिपि भी दी जाएगी। वेबकास्टिंग के माध्यम से मतगणना केंद्रों पर नजर रखी जाएगी। मुख्यालय में पदस्थ अधिकारियों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। पूरी मतगणना की वीडियो रिकार्डिंग होगी। डाक मतपत्र गणना 29 लोकसभा सीटों के मुख्यालयों पर होगी। इसमें वे डाक मतपत्र ही शामिल किए जाएंगे, जो मतगणना से पूर्व सुबह। आठ बजे तक रिंटर्निंग आफिसर को प्राप्त होंगे।इनकी गणना माइक्रो आब्जर्वर की निगरानी में अलग टेबल पर होगी। प्रदेश भर में मतगणना के लिए डेढ़ लाख अधिकारी-कर्मचारी लगाए गए हैं।

## लोकसभा चुनाव परिणाम से बदलेंगे मध्य प्रदेश कांग्रेस में समीकरण, वरिष्ठों की भूमिका होगी तय

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस में समीकरण बदलेंगे। कमल नाथ, दिग्विजय सिंह, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव से लेकर अन्य वरिष्ठ नेताओं की भूमिका तय होगी। अभी दिग्विजय सिंह को छोड़कर किसी वरिष्ठ नेता की केंद्रीय स्तर पर कोई भूमिका नहीं है। पार्टी ने पीढ़ी परिवर्तन करते हुए पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, ओमकार सिंह मरकाम और प्रवीण पाठक को केंद्र स्तर पर जिम्मेदारी देकर आगे बढ़ाया है। वहीं, प्रदेश में जीतू पटवारी, उमंग सिंघार, हेमंत कटारे को आगे किया है।

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव कमल नाथ और दिग्विजय सिंह की अगुआई में लड़े गए थे। अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होने पर कमल नाथ को हटाकर जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर पीढ़ी परिवर्तन का संदेश दिया गया। लोकसभा चुनाव में चाहे टिकट देने की बात हो या फिर चुनाव अभियान के संचालन का जिम्मा, पार्टी ने नए चेहरों को आगे बढ़ाया। चुनाव परिणाम आने के बाद फिर समीकरण बदलेंगे और वरिष्ठों की भूमिका भी तय होगी। जिस तरह कमलेश्वर पटेल और ओमकार सिंह मरकाम को केंद्रीय संगठन में स्थान दिया गया और फिर चुनाव भी लड़ाया, उससे साफ है कि पार्टी युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाएगी। इसकी झलक प्रदेश कार्यकारिणी के गठन में दिखाई देगी, जिसके संकेत प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी दे चुके हैं। आधे से अधिक पद युवा को देने की तैयारी है। इसमें युवा कांग्रेस,एनएसयूआइ, महिला कांग्रेस समेत अन्य संगठनों में काम कर रहे पदाधिकारियों को आगे बढ़ाया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार केके मिश्रा का कहना है कि परंपरा यही है कि हार और जीत, दोनों ही स्थिति में नए नेतृत्व के हिसाब से आमूलचूल परिवर्तन होंगे और होते ही हैं। यह राजनीतिक परंपरा है और किसी को इसमें आश्चर्य भी नहीं होना चाहिए। कांग्रेस ने चुनाव के पूर्व ही पीढ़ी परिवर्तन की शुरुआत कर इसके संकेत भी दे ही दिए हैं। हम हर स्थिति को चुनौती मानकर अपनी भूमिकाएं तय करेंगे। वहीं, केंद्रीय संगठन में अरुण यादव को महासचिव बनाया जा सकता है। वे पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में काम कर चुके हैं। गुना लोकसभा सीट से उन्होंने टिकट की मांग की थी और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से भी मिले थे।

सूत्रों के अनुसार उन्हें चुनाव न लड़ने और आगे के लिए तैयारी करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद उनके पटवारी के साथ संयुक्त दौरे बने थे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि चुनाव परिणाम के साथ ही कमल नाथ, दिग्विजय सिंह और कांतिलाल भूरिया जैसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का राजनीतिक भविष्य भी तय हो जाएगा। इन नेताओं को चुनाव में सफलता मिलती है तो उनका कद बढ़ेगा और केंद्रीय संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।कमल नाथ को राष्ट्रीय स्तर पर अन्य दलों के नेताओं के साथ समन्वय का जिम्मा मिल सकता है तो दिग्विजय सिंह का उपयोग संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यक्रम निर्धारित करने के लिए किया जा सकता है।

## मध्य प्रदेश में संस्थाओं को नहीं मिला दो साल का अनुदान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश में संस्कृति विभाग ने पिछले दो वित्तीय वर्षों के लिए अपने वार्षिक अनुदान की घोषणा नहीं की है। इससे कलाकारों के सामने मुश्किलें पैदा हो गई हैं। विभाग की ओर से राज्य में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संगठनों को उनकी गतिविधियां संचालित करने के लिए वार्षिक अनुदान दिया जाता है। अब तक वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए अनुदान की घोषणा नहीं की गई है।

इसने उन सैकड़ों समूहों को दिक्कत हो रही है, जो अपनी गतिविधियों के लिए अनुदान पर निर्भर हैं। इससे इन संस्थाओं के माध्यम से काम पाने वाले कलाकार भी प्रभावित हो रहे हैं। एक ओर यहां आचार संहिता के कारण समारोह नहीं हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अनुदान नहीं



मिलने से कलाकारों की हालत खराब है। कलाकारों का कहना है कि विभाग देरी के लिए पहले विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने को जिम्मेदार ठहरा रहा है। ऐसे में हम समझ नहीं पा रहे कि चुनाव और अनुदान आपस में कैसे जुड़े हुए हैं? एक प्रश्न यह भी है कि जब चुनाव की जानकारी सभी को थी, तो विभाग यह सुनिश्चित कर सकता था कि आचार संहिता लागू होने से पहले अनुदान दे दिया जाए।

द राइजिंग सोसाइटी आफ आर्ट एंड कल्चर की निदेशक प्रीति झा तिवारी का कहना है कि अनुदान स्वीकृत करने में देरी से काम पर असर पड़ता है। यह हमारे लिए सहायता है, जो समय पर मिलनी चाहिए। आचार संहिता के कारण पिछले साल नवंबर-दिसंबर और इस साल अप्रैल से जून तक सरकार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए। इससे उन कलाकारों पर बुरा आर्थिक प्रभाव पड़ा है, जो जीविकोपार्जन के लिए अपने कलात्मक कौशल पर निर्भर हैं। कोशिश नाट्य संस्था की निदेशक सरोज शर्मा का कहना है कि अनुदान से हम कलाकारों को आर्थिक सहायता मिलती है और संबल बढ़ता है। ऐसे कई कलाकार हैं, जिनके पास आय का कोई अन्य स्रोत नहीं है। वे हमारी संस्था के लिए काम करते हैं। हम उन्हें भुगतान कहां से करें। निरंतर थिएटर ग्रुप के नितिन तेजराज को आश्चर्य है कि जब अनुदान की सिफारिश करने के लिए नियुक्त समिति पहले ही अपना काम कर चुकी है, तो घोषणा को क्यों रोक दिया गया है। सागर गुंचा नटरंग सांस्कृतिक एवं कल्याण सोसायटी की बिशना चौहान का कहना है कि अनुदान साल में एक बार ही मिलता है।

ऐसे में जो कलाकार पूरी तरह से कला पर निर्भर हैं, उन्हें समय पर सहायता नहीं मिलती है तो हताशा आती है।

# विश्व पर्यापरण दिवस मनाने की चल रही तैयारी

## प्रतिबंध का आदेश बेअसर - धडल्ले से पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक का हो रहा उपयोग





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन एवं बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए राज्य शासन द्वारा अमानक पैमाने से बनी पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णतरू प्रतिबंध लगाया जा चुका है। जिसका जरा सा भी असर सीधी जिले में देखने को नही मिल रहा है। हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला प्रशासन इनके उपयोग न करने की शपथ दिलवाता है और बाजार क्षेत्र में भंडारण एवं विक्रय करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात करता है किन्तु कुछ दिन बीतने के बाद ही बात आई गई हो जाती है। जबकि अमानक पैमाने से बनी प्लास्टिक या पॉलीथिन का इस्तेमाल प्रकृति को बहुत नुकसान पहुंचाता है।

चूंकि प्लास्टिक को नष्ट नहीं किया जा सकता, इस कारण यह नदियों, मृदा आदि में पहुंचकर प्रदूषित करता है। ऐसे में प्लास्टिक या पॉलीथिन के उपयोग को बंद करना अतिआवश्यक माना जा रहा है। इसके बजाय पेपर बैग या कपड़े के बैग का उपयोग करने की पहल एवं दूसरों को भी प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

आपको बतादें कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा दो अक्टूबर 2019 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की बात कह कर दिखावे की छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया था। वहीं दावा किया गया था कि एक जुलाई 2022 तक सीधी जिले से सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलिथीन पर पूर्णतरू प्रतिबंध लगा जायेगा। इसके बावजूद वर्षो बाद भी लोग घर से थैला लेकर बाजार नहीं जा रहे। दुकानदार भी उन्हें पॉलिथीन में सामान देने से मना नहीं कर रहे। यही वजह है कि प्रतिबंध का कोई खास असर नजर नहीं आ रहा।

**24 वार्डो में पॉलिनीन से चोक हो रहीं नालियाँ :** नगर पालिका प्रशासन द्वारा इन दिनो पॉलिथीन और सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। अब भी शहर में पॉलिथीन और सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल धड़ल्ले से हो रहा है। प्रशासन की उदासीनता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि फ्ल, सब्जी, किराना से लेकर फुटकर और थोक विक्रेताओं की दुकानों में इसका प्रयोग खूब हो रहा है। नगर पालिका के 24 वार्डो के गलियों, सडकों और नालियों में पॉलिथीन और प्लास्टिक के ढेर लगे हुए हैं। नालियों में पॉलिथीन अटकने के कारण जल.निकासी व्यवस्था भी चरमरा जाती है, वहीं नालियॉ बजबजा रही हैं।

**दुकानदार बोले**– जब तक फैक्ट्री से उत्पादन होगा तब तक चलता रहेगा व्यापार जिले के ज्यादातर व्यापारियों का कहना है कि पॉलिथीन से सामान लाने लेजाने में सहूलियत होती है, साथ ही यह एक सस्ता माध्यम है। उपभोक्ता घर से थैला लेकर ही नहीं आते, इसलिए मजबूरी में दुकानदार पॉलिथीन में सामान देते हैं। हालांकि समय समय पर लोगों से अपील कि जाती है कि आगे से थैला लेकर आएं। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध होने की जानकारी सभी दुकानदारों को है। लेकिन जब तक यह बड़ी बड़ी फैक्ट्रियों में बनती रहेगी, तब तक इसका उपयोग बंद नही हो सकता है।

**फिज़ा में जहर घोल रही पॉलिथीन –**

जानकारो की माने तो पॉलिथीन से जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है। लैंडफिल में डाले गए प्लास्टिक, जल के साथ रिएक्शन कर खतरनाक केमिकल्स बनाते हैं और अगर ये केमिकल्स रिसकर ग्राउंड वाटर तक पहुंच जाएं तो ये जल की गुणवत्ता को खराब कर देते हैं। पॉलिथीन के पुनरू चक्रीकरण की प्रक्रिया में उच्च ताप पर गर्म करके पिघलाने पर भारी मात्रा में तरलीय गैसें उत्सर्जित होती हैं, जिससे वायुमंडल प्रदूषित होता है। प्लास्टिक अधिक मात्रा में विषाक्त गैस जैसे कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड आदि निकालती हैं। पॉलिथीन नलियों में जाने से सीवर लाइन जाम हो जाती है।

## नौतपा की गर्मी से मिली राहत, खंड वृष्टि से खुशनुमा हुआ मौसम



**मीडिटर, ऑडीटर, सीधी निप्र।** नवतपा के पहले ही दिन शनिवार 24 मई से लोगों को सूरज देवता ने अपने तपन से बेहाल करके रख दिया था। वहीं मौसम विभाग से मिले ऑकड़ो के आधार पर 30 मई को पारा 49.2 तक पहुॅच गया। जिसके चलते लोग बेचैन हो गयें, एसी कूलर भी कमरे के तापमान को अनुकूल करने में हार मानने लगें। नौपता के आखरी दिवस 2 जून 24 रविवार को इन्द्रदेव ने खण्ड वृष्टि कर गर्मी की तपिश से राहत प्रदान की। रविवार की दोपहर तेज धूल भरी आंधी तूफन एवं खंड वृष्टि के साथ कई स्थलो पर बूंदाबांदी से मौसम में ठंडक घुली और लोगो को काफी हद तक राहत मिली।

## अपहृत बालक को पुलिस ने 72 घंटे के अन्दर परिजनो को किया सुपुर्द, परिवार में लौटी खुशी



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अपहृत बालक बालिकाओं के दस्तयाबी अभियान के तहत थाना प्रभारी मझौली उनि. दीपक बघेल के नेतृत्व में अपहृत बालक को दस्तयाव कर सौंपा परिजनों को, अपहृत बालक को पाकर परिजनो के चेहरे में आई खुशी की लहर।

मड़वास पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि फरियादी चौकी में आकर मौखिक रिपोर्ट लेख कराया कि 22 मई 24 को उसका लडका घर से बिना बताये कही चला गया था। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 363 ताहि. का अपराध कायम कर विवेचना में लिया जाकर अपहृत की पता तलाश शुरू किया गया। दौरान विवेचना भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर 27 मई 24 को अपहृत बालक को दस्तयाव किया जाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में उनि– केदार परौहा चौकी प्रभारी मड़वास, सउनि–नारायण सिह, प्रआर–सूर्यप्रताप सिह, चूड़ामणि सिह, आरक्षक शुभेन्द्र पाण्डेय, समर बहादुर सिह का योगदान रहा है।

## करेंट लगाने से दो भैसों की मौत, आर्थिक मदद की लगाई गुहार



**मीडिया ऑडीटर, जवा निप्र।** रीवा जिले जवा जनपद पंचायत अंतर्गत केंचुहा गांव में मुनेन्द्र मिश्रा पिता रामलखन मिश्रा निवासी केचुहा की भैंसों का झुंड चरते चरते ग्राम परसिया मदरो जा पहुंचा जहां पर किसान ने अपने खेत के बाड़ी में करेन्ट लगा रखा था जिसकी करेंट की चपेट में आने से दो भैंसे की मौके पर उनकी मौत हो गई । जिसकी प्राथमिक रिपोर्ट जवा थाना में दर्ज करा दिया गया है भैंसों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी करेन्ट से मौत बताई गई है।

पीड़ित मुनेन्द्र मिश्रा ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग करते हुए आर्थिक मदद की गुहार लगाई है, अब देखना है कि इस जघन्य अपराध में पशु क्रूरता के तहत इसमें पुलिस क्या कार्यवाही करती है।

# मतगणना के संबंध में पत्रकार वार्ता का किया गया आयोजन

## मीडिया कर्मियों को मीडिया सेंटर तक मोबाइल की रहेगी अनुमति



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11–सीधी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा 4 जून को 11–सीधी संसदीय क्षेत्र लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मतगणना स्थल संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय (पुराना भवन) सीधी में की गई तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी पत्रकार वार्ता में साक्षा की गई। स्ट्रांग रूम 4 जून को सुबह 7 बजे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अभ्यर्थियों/निर्वाचन अभिकर्ताओं के उपस्थिति में खोला जायेगा। सुबह 8 बजे डॉक मतपत्र एवं ई.टी.पी.बी.एस. की मतगणना तथा 8.30 बजे से ई.व्ही.एम. की मतगणना प्रारंभ की जायेगी। मतगणना अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओ, मीडियाकर्मियों के प्रवेश हेतु प्रवेश द्वारा क्रमांक 01 से किया जायेगा तथा मतगणना अभिकर्ता को प्रवेश द्वारा क्रमांक 02 से जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी अधिकृत फोटोयुक्त प्रवेश पास/परिचय पत्र के आधार पर ही प्रवेश की अनुमति होगी। प्रवेश हेतु फ्लैक्स के माध्यम से निर्धारित रास्तों का चिन्हाकन दर्शित रहेगा। पुलिस अधीक्षक सीधी के नियंत्रण एवं निर्देशन में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा दल की व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल पर मोबाईल फोन एवं अन्य प्रतिबंधात्मक सामग्री के साथ प्रवेश पूर्णत: वर्जित रहेगा। मीडिया कर्मियों को मीडिया सेंटर तक मोबाइल की अनुमति रहेगी।

उन्होने बताया कि मतगणना हेतु विधानसभावार व्यवस्था की गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 76–चुरहट के लिए कक्ष क्रमांक 7 एवं 8 में 8–8 टेबिल लगाई गई है। इसी प्रकार 77–सीधी के लिए कक्ष क्रमांक 5 एवं 6 में 8–8 टेबिल, 78–सिहावल के लिए कक्ष क्रमांक 3 में 8 टेबिल ईव्हीएम हेतु एवं 4 टेबिल ईटीपीबीएस एवं पीबी आरओ रूम तथा कक्ष क्रमांक 4 में 8 टेबिल तथा 82–धौहनी के लिए कक्ष क्रमांक 1 में 9 टेबिल ईव्हीएम हेतु एवं 4 टेबिल ईटीपीबीएस एवं पीबी हेतु तथा कक्ष क्रमांक 22 में 7 टेबिल ईव्हीएम मतगणना की लगाई गई है। विधानसभावार स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ई.व्ही.एम. के परिवहन हेतु पृथक–पृथक गैलरी निर्धारित की गई हैं जिसे फ्लैक्स के माध्यम से इंगित किया गया है। इसी प्रकार समस्त 8 मतगणना कमरों में वीडियोग्राफर के साथ–साथ सी.सी.टी.व्ही. के द्वारा ई.व्ही.एम. के मूवमेंट के निगरानी की व्यवस्था है जो उक्त कमरों में एल.ई.डी.टीव्ही. के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा। इसके अलावा गैलरी, आंगन, भवन के चारों तरफ सीसीटीव्ही कैमरों के माध्यम से निगरानी की जायेगी।

गर्मी के दृष्टिगत मतगणना स्थल के प्रवेश द्वारा क्रमांक 1 एवं 02 के पास ही 01–01 चिकित्सकों की टीम के साथ एम्बुलेंस वाहन की व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त चिकित्सीय सुविधायें भी आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध रहेगी। ग्रीष्म काल को देखते हुये मतगणना स्थल पर पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम एवं नगर पालिका परिषद सीधी को संयुक्त रूप से दायित्व सौपा गया है। प्रत्येक मतगणना कक्ष में 02–02 कर्मचारियों की पेयजल की उपलब्धता के लिये ड्यूटी लगाई गई है। संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय के परिसर में मीडियाकर्मियों/रिजर्व दल के लिये अलग–अलग बैठक व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। वर्तमान समय के मौसम को देखते हुये प्रत्येक मतगणना कक्ष में 02–02 बड़े कुलर की व्यवस्था, गणना एजेन्टों एवं कर्मचारियों के लिये प्रवेश द्वार क्रमांक 02 के पास महिला एवं पुरूष के लिये पृथक–पृथक प्रसाधन की व्यवस्था रहेगी। अभ्यर्थियों/निर्वाचन अभिकर्ता/अधिकारियों के बैठक व्यवस्था मतगणना भवन के अन्दर वाले आंगन में की गई है जिसमें एल.ई.डी.टीव्ही. के माध्यम से समाचार एवं ईव्हीएम के मूवमेट प्रदर्शित किया जायेगा। मतगणना की कार्यवाही प्रेक्षक एवं रिटर्निंग ऑफिसर के नियंत्रण में रहेगी। वार्ता में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, जिला जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मिश्रा सहित जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नशीली कफ सिरप व गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, जनेह निप्र।** रीवा जिले के जनेह थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 98 शीशी नशीली कफ सिरप एवं 500 ग्राम गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन में त्यौंथर एसडीओपी उदित मिश्रा के मार्गदर्शन में जनेह थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल के सक्रियता के चलते मुखबिर की सूचना पर 98 शीशी नशीली कफ सिरप एवं 500 ग्राम गांजे सहित आरोपी गुड्डू उर्फ सच्चिदानंद सिंह निवासी गोंदखुर्द मोजरा टोला तथा बालेंद्र सिंह पिता रामशिरोमणि सिंह उम्र 49 वर्ष निवासी चौखडा को गिरफ्तार किया गया है जिसमे जनेह थाना प्रभारी कन्हैया सिंह सहित पुलिस स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

# मतगणना के संबंध में अभ्यर्थियों के साथ बैठक आयोजित

## आयोग के निर्देशों के अनुरूप निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना संपन्न होगी-रिटर्निंग ऑफीसर सोमवंशी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना के संबंध में कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफीसर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11–सीधी के अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतगणना के लिए की गई तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए रिटर्निंग ऑफीसर सोमवंशी ने आश्वस्त किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विहित प्रक्रियाओं, नियमों तथा निर्देशों के अनुरूप पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना संपन्न की जायेगी।


सोमवंशी ने कहा कि सभी अभ्यर्थियों के सहयोग से संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ है। इसी प्रकार मतगणना का कार्य भी शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होगा। उन्होने बताया कि जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों 76–चुरहट, 77–सीधी, 78–सिहावल एवं 82–धौहनी की मतगणना संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय (पुराना भवन) सीधी में 4 जून को की जायेगी। मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम प्रात: 7 बजे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, रिटर्निंग ऑफीसर/सहायक रिटर्निंग ऑफीसर एवं अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जावेगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए दो–दो कक्षों में व्यवस्था की गई है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 16 टेबिल में ईव्हीएम की मतगणना की जावेगी। विधानसभा क्षेत्र सिहावल एवं धौहनी में पोस्टल बैलट एवं ईटीपीबीएस की मतगणना के लिए 4–4 टेबिल लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र सिहावल एवं धौहनी में पोस्टल बैलट की गिनती प्रात: 8 बजे से तथा ईव्हीएम की मतगणना 8.30 बजे से होगी। विधानसभा क्षेत्र चुरहट एवं सीधी में ईव्हीएम की मतगणना प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होगी। उन्होने बताया कि पोस्टल बैलट एवं ईटीबीपीएस को टेऊजरी से स्ट्रांग रूम मे 3 जून को दोपहर 3 बजे स्थानांतरित किया जाएगा जिसमें अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अपेक्षित है।

रिटर्निंग आफीसर ने बताया कि मतगणना स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी अधिकृत फोटोयुक्त प्रवेश पास के आधार पर ही प्रवेश की अनुमति रहेगी। मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन एवं अन्य प्रतिबंधात्मक सामग्री के साथ प्रवेश पूर्णत: वर्जित रहेगा।

## नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11–सीधी के जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों 76–चुरहट, 77–सीधी, 78–सिहावल एवं 82–धौहनी की मतगणना 04 जून को संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय (पुराना भवन) सीधी में की जावेगी। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफीसर 11–सीधी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा मतगणना की तैयारियों के संबंध में नोडल अधिकारियों से विस्तृत समीक्षा की गई।

## त्योंथर सीएमओ का रिश्वत लेनदेन को लेकर ऑडियो वायरल



**मीडिया ऑडीटर, त्योंथर/ रीवा।** जिले के त्योंथर तहसील अंतर्गत नगरपरिषद त्योंथर के सीएमओ का एक ऑडियो इन दिनों सुर्खियों में है, जिसमें बिल पास करने के एवज में ठेकेदार से राशि मांगी गई। आडियो में फोन पे के माध्यम से पत्नी के अकाउंट मे पेमेंट डलवाने की बात कही जा रही है।बता दें कि सीएमओ कुछ ही माह में सेवानिवृत होने वाले हैं। ऐसे में वायरल हुआ यह वीडियो उनकी कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर रहा है।

बताया जाता है नगरपरिषद में कोई भी बिल पास करना हो या केंद्र व राज्य सरकार की कोई योजना का लाभ लेना हो तो पहले चढ़ावा देना पड़ता है। इसके लिये बाकायदा एजेंट हैं, जो रिश्वत की सेटिंग करते हैं। वायलर आडियो में बिल पास कराने को लेकर सीएमओ द्वारा एक टेंट संचालक से रिश्वत के रूप में पैसे के लेनदेन की बात कही जा रही है।

जिसमें साफ तौर पर सुना जा सकता है कि 5000 रुपये की राशि ले रहे हैं और ठेकेदार विनती कर रहा है कि साहब हम गरीब हैं दया कीजिए। फिर भी सीएमओ को ठेकेदार पर दया नहीं आई। वहीं पूरे मामले में पीड़ित ने शिकायत तत्कालीन संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन रीवा से की थी। अब देखना होगा कि आडियो वायरल होने के बाद वरिष्ठ अधिकारी त्योंथर सीएमओ पर कार्रवाई करते हैं या फिर मामले को दबा लेते हैं।

# मोगली पलटन की कछुआ चाल साइकल रैली से दिया संदेश

## जेब कटने से बचाइए, जेनेरिक दवाएँ खाइए



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी मध्य प्रदेश का एक सबसे अधिक तपता शहर, आग उगलती गलियॉ, मुँह झुलसाती हवाए य इन्ही सब तमतमाती खबरों को चुनौती देती ऋषिकेश फाउंडेशन की मोगली पलटन सडक पर उतरी। मकसद दोहरा रहा पहला. मोबाइल की गुलामी नहीं करना है और दूसरा–जेनेरिक दवाओं के प्रति आमजन को जागरूक बनाना है। भीषण गर्मी ने जहाँ लोगों का मनोबल कमजोर किया है वहीं दूसरी तरफ बच्चों को मोबाइल के हवाले कर दिया है।

ऐसे में मोगली पलटन की कछुआ चाल बारिश की ठण्डी फुहार की तरह आयी। इससे आम जन विशेषकर बच्चों में उत्साह का संचार हुआ। वो मोबाइल छोडकर सडक पर उतरे। उन्हें थोड़े समय के लिए ही सही पर ये महसूस हुआ कि वो कुछ बड़ा, कुछ महत्वपूर्ण कर रहे हैं। जो मोबाइल चलाने से कहीं बेहतर खुशी देता है। ऋषिकेश फाउण्डेशन के प्रवक्ता रहीश गुप्ता ने बताया कि मिशन रामबाण के तहत अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक हर माह के प्रथम रविवार को कछुआ चाल साइकल रैली आयोजित की जाएगी। सभी के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हए आज रैली का समय सुबह 6 बजे रखा गया था।

आयोजन कर्ता ने बताया कि आम तौर पर सभी दवाएं एक तरह के केमिकल से बनती हैं। इन्हें शोध के बाद अलग–अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है, उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे. दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं जब इसे किसी ब्रांड जैसे– क्रोसिन के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है।

चौंकाने वाली बात यह है कि सदी–खांसी, बुखार और बदन दर्द जैसी रोजमर्रा की तकलीफों के लिए जेनरिक दवा महज 10 पैसे से लेकर डेढ़ रुपए प्रति टैबलेट तक में उपलब्ध है। ब्रांडेड में यही दवा डेढ़ रुपए से लेकर 35 रुपए तक पहुंच जाती है। जेनरिक दवाईयों का ब्रांड नेम वाली दवाईयों के समान ही जोखिम और लाभ हैं। सभी सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को पूरा करने के लिए एक कठोर समीक्षा के बाद ही जेनेरिक दवाओं को मंजूरी दी जाती है। इसलिए जेनरिक दवा भी मनुष्य के शरीर पर पेटेंट दवा के समान ही असर करेगी।

# विचार

## प्रधानमंत्री की ध्यान साधना पर हंगामा क्यों?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कन्याकुमारी के विवेकानंद शिला स्मारक में ध्यान करना जितने बड़े विवाद और बवंडर का विषय बना उसे बिल्कुल स्वाभाविक नहीं माना जा सकता। भारत सहित विश्व समुदाय को प्रेरणा देने वाले विवेकानंद के ध्यान स्थल से जुड़े इस केंद्र पर प्रधानमंत्री जाकर ध्यान करते हैं तो इसका संदेश सर्वत्र जाता है और लोगों में भी विवेकानंद के जैसा बनने, विपरीत परिस्थिति में ध्यान करने और स्वयं को नियंत्रित कर देश के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है। हालांकि हमारी राजनीति जहां पहुंच गई है वहां ऐसे विषयों का विरोध होना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री ने विवेकानंद शिला स्मारक के जिस ध्यान मंडपम में ध्यान किया, ठीक उसी जगह पर 25, 26 ,27 दिसंबर, 1892 को स्वामी विवेकानंद ने 3 दिनों तक ध्यान साधना किया था। माना जाता है कि वहां से उन्हें विशेष अनुभूति हुई और भारत के भविष्य की कल्पना भी जगी थी जो बाद के उनके भाषणों में संकलित है। विपक्ष ने यद्यपि बुद्धिमत्तापूर्वक कहा कि वे ध्यान साधना का विरोध नहीं कर रहे क्योंकि उन्हें लगता था कि ऐसा करने से भाजपा को चुनावी लाभ हो जाएगा। मुद्दा यह बना दिया जाएगा कि देखो ये ध्यान साधना यानी सनातन की पद्धतियों के ही विरोधी हैं। इसलिए इसके टी.वी. कवरेज पर आपत्ति व्यक्त की गई। अलग-अलग पार्टियां चुनाव आयोग के पास गई भी। प्रधानमंत्री या कोई नेता चुनाव प्रचार के बाद या बीच में किसी धर्मस्थल या प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल पर जाए, वहां पूजा, प्रार्थना, ध्यान या अन्य साधना करे उस पर चुनाव आयोग या कोई भी संवैधानिक संस्था कैसे रोक लगा सकती है? विपक्ष के नेताओं ने भी पूरे चुनाव में परिश्रम किया है और उन्हें भी ध्यान साधना और शारीरिक, मानसिक संतुलन व शांति के लिए पहले से ऐसी कुछ योजना बनानी चाहिए थी। भारत में अनेक ऐसे धार्मिक साधना स्थल हैं जहां जाकर आप शारीरिक- मानसिक थकान से आध्यात्मिक कृतियों के द्वारा मुक्ति पा सकते हैं। ऐसी जगह भी है जहां जाकर 1-2 दिनों के विश्राम से आपको विशेष शांति और शक्ति मिलती है। अगर विपक्ष के नेताओं में ऐसी दृष्टि नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं कि प्रधानमंत्री या कोई भी सत्तारुढ़ पार्टी का नेता उस दिशा में न सोचे न करे। राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, प्रियंका वाड्रा, अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे, शरद पवार सभी चाहें तो कहीं न कहीं ऐसी साधना कर सकते थे और उन्हें भी टैलीविजन या मीडिया का कवरेज मिलता। नेताओं में वाकई ध्यान और साधना की प्रतिस्पर्धा हो तो यह देश और संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी होगा। जब आध्यात्मिक दृष्टि से आपके शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित होता है तो उसके साथ सकारात्मक दृष्टि भी विकसित होती है जहां से केवल सबके कल्याण के भाव से ही विचार पैदा हो सकते हैं। विपक्ष के नेता ऐसा कार्यक्रम करने की बजाय अगर विरोध कर रहे हैं तो वे देश में नकारात्मक वातावरण बनाते हैं और उनकी अपनी छवि ही कमजोर होती है। जब 2014 का चुनाव प्रचार समाप्त हुआ तब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने शिवाजी के रायगढ़ किले में जाकर ध्यान किया था। शिवाजी हमारे देश में भारतीय संस्कृति और हिंदुत्व की दृष्टि से प्रेरक और आदर्श व्यक्तित्व हैं। शिवाजी जैसे महापुरुष के प्रति अगर विपक्ष के अंदर ऐसा भाव पैदा नहीं होता तो इसके लिए वही दोषी हैं। 2019 के चुनाव प्रचार की समाप्ति के बाद प्रधानमंत्री उत्तराखंड के केदारनाथ गए थे और वहां उन्होंने गुफा में ध्यान और साधना की। प्रधानमंत्री के जाने के बाद से उस गुफा में ध्यान करने वालों की इतनी संख्या बढ़ी कि लंबे इंतजार के बाद नंबर आता है। विपक्ष के किसी नेता को किसी भी पूजा स्थल, आध्यात्मिक स्थल, प्रेरणा के केंद्र, इबादत स्थल या कहीं जाकर ऐसा कुछ करने से किसी ने रोका नहीं है। उनको इसकी समझ नहीं या राजनीति से परे हटकर वे आध्यात्मिक दृष्टि से कुछ करने का विचार नहीं कर सकते तो यह उनकी समस्या है। यह मान लेना कि इस प्रकार की ध्यान साधना या पूजा-पाठ के मीडिया कवरेज के प्रभाव में आकर पहले से किसी और को मत देने का मन बनाए मतदाता अचानक पलट कर भाजपा को वोट देने लगेंगे उचित नहीं लगता। मतदाताओं के पास भी सही गलत का निर्णय करने का विवेक है। अगर विपक्ष इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मतदाताओं को आकर्षित करने की रणनीति मानता है तो उसे भी इसकी काट में रणनीति अपनानी चाहिए।

# अग्नि सुरक्षा के प्रति ढीला रवैया बदलना होगा

-हरि जयसिंह

**आग की खोज मानव इतिहास में महत्वपूर्ण थी, लेकिन आग भी बड़े पैमाने पर विनाश का कारण बन सकती है। आग ने महत्वपूर्ण मानवीय उपलब्धियों को बनाया भी है और नष्ट भी किया है। इसने पूरे शहरों, ऊंची संरचनाओं, मलिन बस्तियों, बाजारों और पूजा स्थलों को लगातार प्रभावित किया है। हालांकि, प्रत्येक आपदा को भविष्य की घटनाओं के लिए सीखने और तैयारियों में सुधार करने का अवसर प्रदान करना चाहिए। उदाहरण के लिए, 1871 की ग्रेट शिकागो फायर ने सार्वजनिक सुरक्षा और आग की रोकथाम में महत्वपूर्ण सुधार किए, जिसमें आग प्रतिरोधी सामग्री की आवश्यकता वाले सख्त बिल्डिंग कोड, बेहतर अग्निरोधक मानक, एक बेहतर अग्निशमन विभाग, बेहतर जल आपूर्ति बुनियादी ढांचे, सुरक्षा, शहरी आग की रोकथाम, सार्वजनिक सुरक्षा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना और आग पर सार्वजनिक शिक्षा में वृद्धि शामिल है। भारत में आग लगने का एक पुराना इतिहास है, जिसमें अस्पताल में लगी आग भी शामिल है। 2021 में भोपाल के कमला नेहरू अस्पताल की शिशु देखभाल इकाई में भीषण आग लग गई, जिसमें कम से कम 4 नवजात बच्चों की जान चली गई और अन्य घायल हो गए।**



984 की कुख्यात भोपाल गैस रिसाव आपदा भारत के अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल को संबोधित करने की तात्कालिकता को और बढ़ा देती है। हाल की घटनाओं में, देश 2 विनाशकारी अग्नि त्रासदियों से हिल गया। राजकोट में एक मनोरंजन पार्क में वैल्डिंग मशीन से निकली चिंगारी के कारण 33 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दूसरी घटना, पूर्वी दिल्ली में एक नवजात शिशु सुविधा केंद्र-'बेबी केयर न्यू बोर्न चाइल्ड हॉस्पिटल' में आग लगने से देश भर में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में घातक आग लगने की एक दुखद श्रृंखला जुड़ गई है, जो ढीली अग्नि सुरक्षा के घातक परिणामों को उजागर करती है। 8 नवजात शिशुओं की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य को बचा लिया गया और दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। एफ.आई.आर. में बताया गया कि अस्पताल में 27 ऑक्सीजन सिलैंडर पाए गए, जिनमें से 5 आग के दौरान फट गए। अस्पताल में आपातकालीन निकास, कार्यात्मक अग्निशामक यंत्र और परिचालन अग्नि अलार्म जैसे उचित सुरक्षा उपायों का अभाव था। आग लगने के दौरान मौजूद नर्सों ने बताया कि कई बच्चों की दम घुटने से मौत हो गई। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने अस्पताल के कर्मचारियों के बीच गंभीर सुरक्षा खामियों और अपर्याप्त आपातकालीन प्रशिक्षण का उल्लेख किया। स्थानीय निवासियों ने पहले अस्पताल के सुरक्षा खतरों, विशेष रूप से ऑक्सीजन सिलैंडरों के भंडारण और प्रबंधन के बारे में शिकायत की थी। घटना के बाद, दिल्ली सरकार ने 8 जून तक सभी अस्पतालों के लिए अग्नि सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य कर दिया और जांच की घोषणा की। स्वास्थ्य मंत्री ने खुलासा किया कि अस्पताल में पहले से ही कमियां थीं और वह अवैध रूप से ऑक्सीजन सिलैंडर भर रहा था जिससे आग लगने की संभावना थी। छोटे अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा लागू करने की दिल्ली सरकार की योजना, ज्यादा से ज्यादा, कागजों पर ही रह गई है। 5 साल पहले, दिल्ली सरकार ने छोटे अस्पतालों और नृसग होमों को अग्नि सुरक्षा नियमों के तहत लाने के लिए दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार किया था। हालांकि, इन दिशा-निर्देशों को कभी लागू नहीं किया गया, जिससे एक महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दा अनसुलझा रह गया। नागरिक देखभाल के एक महत्वपूर्ण पहलू के प्रति यह आधिकारिक उदासीनता चौंकाने वाली है। दुर्भाग्य से, अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों और क्लीनिकों पर नजर रखने में भी खामियां हैं। वास्तव में छोटे अस्पतालों और नर्सिंग होमों के लिए अग्नि सुरक्षा नियम बहुत सख्त हैं जिसके कारण लगभग 600 ऐसी सुविधाओं में गैर-अनुपालन होता है। गुडग़ांव उन चिकित्सा सुविधाओं पर अपनी कार्रवाई तेज कर रहा है जिनमें पर्याप्त अग्नि सुरक्षा उपायों की कमी है। हालांकि, बिस्तरों की संख्या, भवन की ऊंचाई और क्षेत्र के आधार पर अलग-अलग नियम लागू होते हैं। उदाहरण के लिए, 2018 में हरियाणा सरकार का क्लिनिकल एस्टैब्लिशमैंट एक्ट केवल 50 बिस्तरों से अधिक वाले प्रतिष्ठानों पर लागू होता है, जिससे छोटे अस्पताल इसके दायरे से बाहर हो जाते हैं। जैसे-जैसे अस्पताल में आग लगने से मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है, यह स्पष्ट होता जा रहा है कि जीवन की और हानि को रोकने और मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है। अस्पतालों, नर्सिंग होम और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अग्नि सुरक्षा नियमों की अवहेलना करने वालों के प्रति कोई नरमी नहीं दिखाई जानी चाहिए। 1997 की उपहार सिनेमा त्रासदी सबसे कुख्यात अग्नि आपदाओं में से एक है। यह स्पष्ट रूप से मालिकों और नागरिक अधिकारियों दोनों द्वारा कानून के उल्लंघन को दर्शाता है। मालिकों को लापरवाही और सबूतों से छेड़छाड़ का दोषी ठहराया गया। हालांकि, अंसल बंधुओं को कम सजा देने की अनुमति देने के न्यायपालिका के फैसले की व्यापक रूप से निंदा की गई है। यह अत्यंत खेदजनक है। भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन.डी.एम.ए.) ने आग को मानव निर्मित आपदा के रूप में वर्गीकृत किया है।

## जो साहस करता है वह जीतता है

मैंने पिछले सप्ताह के कॉलम को इन शब्दों के साथ समाप्त किया, ''जैसे ही चुनाव 7 चरणों में संपन्न हुआ, लड़ाई यथास्थिति की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित लोगों और यथास्थिति को बाधित करने वाले लोगों के बीच शामिल हो गई।'' वोटों की गिनती में 2 दिन बाकी हैं और हमें पता चल जाएगा कि बहुसंख्यक (या बहुसंख्यक) लोग बदलाव चाहते हैं या यथास्थिति बनाए रखने से खुश हैं। यथास्थिति में आराम = निश्चित रूप से ऐसे बहुत से लोग हैं जो परिवर्तन चाहते हैं लेकिन मुझे लगता है कि ऐसे भी बहुत से लोग हैं जो परिवर्तन नहीं चाहते हैं। मेरा मानना ऐसा इसलिए है क्योंकि परिवर्तन न करने वालों को यह डर रहता है कि परिवर्तन से उनका जीवन और भी बदतर हो सकता है या इसलिए कि अज्ञात ज्ञात से अधिक भयावह है या क्योंकि उन्हें डर है कि एक पहलू में बदलाव जीवन के अन्य पहलुओं को प्रभावित करेगा। उदाहरण के लिए, परंपरा को तोडऩे से समुदाय के क्रोध का सामना करना पड़ सकता है। यथास्थिति में एक निश्चित आराम है। भारत के पिछले 30 वर्षों में कुछ ऐसे कालखंड रहे हैं जहां प्रेरक शक्ति परिवर्तन थी, कुछ अन्य कालखंडों के दौरान, यह यथास्थिति की रक्षा करना था। अन्य समय में, यह नास्तिकतावाद था, जिसे शब्दकोष 'उलटने की प्रवृत्ति' के रूप में परिभाषित करता है। (एटाविस्ट वे लोग हैं जो उस चीज की लालसा रखते हैं जिसे वे एक खोया हुआ और गौरवशाली अतीत मानते हैं।)

मेरा मानना है कि भारत को बदलाव की जरूरत है और वह बदलाव का हकदार भी है। 10 साल पहले बदलाव का शोर मचा और यू.पी.ए. से एन.डी.ए. में सत्ता परिवर्तन हुआ। मुझे लगता है कि भारत फिर से ऐसे ही क्षण में है। पिछले 10 वर्षों में ऐसा बहुत कुछ हुआ है जिसे बदला जाना चाहिए या सुधारात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। मैं आपको कुछ उदाहरण देता हूं। 2016 में नोटबंदी एक बड़ी गलती थी। तरलता में भारी छेद के कारण व्यक्तियों के जीवन के साथ-साथ सैंकड़ों-हजारों सूक्ष्म और लघु इकाइयों के कामकाज में भी उथल-पुथल मच गई। कई इकाइयां ठीक नहीं हुईं और बंद हो गईं।

कष्ट को सहने वाले-महामारी के वर्षों (2020 और 2021) के दौरान अनियोजित लॉकडाऊन ने स्थिति को और खराब कर दिया। वित्तीय पैकेज और ऋण के अभाव ने सूक्ष्म और लघु इकाइयों के लिए स्थिति को और खराब कर दिया। अधिक इकाइयां बंद हो गईं और दोहरे झटके के परिणामस्वरूप, सैंकड़ों-हजारों नौकरियां चली गईं। गंभीर स्थिति को बदलने के लिए एक साहसिक योजना की आवश्यकता है जिसमें ऋण माफी, बड़े पैमाने पर ऋण, सरकारी खरीद, निर्यात प्रोत्साहन और कर रियायतें शामिल होंगी। मैंने नो-चेंजर्स (कोई परिवर्तक नहीं) से इस संबंध में किसी योजना के बारे में नहीं सुना है। आरक्षण के मूक प्रहार ने एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी .के संवैधानिक वायदों को नष्ट कर दिया है। सरकारी और सरकारी क्षेत्र में 30 लाख नौकरियां खाली छोडऩा आपराधिक उपेक्षा और आरक्षण विरोधी रवैये का उदाहरण था। आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा की शपथ लेते हुए, यथास्थितिवादियों ने चुपचाप आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ई.डब्ल्यू.एस.) के लिए 50 प्रतिशत से ऊपर 10 प्रतिशत कोटा खिसका दिया, लेकिन एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. के बीच ई.डब्ल्यू.एस. को बाहर कर दिया। क्यों? सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में नौकरियों की शुद्ध कटौती, आरक्षण पर शर्तों के बिना निजीकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में सरकार पर निजी क्षेत्र को प्राथमिकता, प्रश्नपत्रों के लीक का हवाला देकर सार्वजनिक परीक्षाओं को रद्द करना, गैर-सरकारी उद्यमों में नौकरियों की शुद्ध कमी से आरक्षण की नीति को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया गया है। पदोन्नति, और नौकरियों का संविदाकरण और अस्थायीकरण हुआ। परिवर्तन केवल उन लोगों के कहने पर आएगा जो यथास्थिति को चुनौती देते हैं। नुकसान की भरपाई- कानूनों का हथियारीकरण उलटने योग्य है। एक संसद का प्रभुत्व कैसे होगा? पिछले 10 वर्षों में पारित किए गए कठोर नए विधेयकों या संशोधन विधेयकों को कोई परिवर्तनकर्त्ता उलट नहीं देगा? जांच एजैंसियों पर लगाम कौन लगाएगा और उन्हें संसद/विधान समितियों की निगरानी में कौन लाएगा? संविधान के अनुच्छेद 19, 21 और 22 के अर्थ और सामग्री को कौन पुनर्स्थापित करेगा और कानून का शासन फिर से स्थापित करेगा? 'बुल्डोजर न्याय' और 'प्री-ट्रायल कैद' को कौन समाप्त करेगा? लोगों में कानून का डर कौन दूर करेगा और उसकी जगह कानून के प्रति सम्मान कौन लाएगा? कौन 'उचित प्रक्रिया' को आपराधिक कानून का अपरिवर्तनीय सिद्धांत बनाएगा और कानून में इस सिद्धांत को शामिल करेगा कि 'जमानत नियम है, जेल अपवाद है'? ये परिवर्तन केवल निडर कानून निर्माताओं द्वारा ही किए जा सकते हैं जो बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के मूलभूत मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

# आर्थिक मोर्चे की दो शानदार खबरों से सशक्त होता भारत

ललित गर्ग



एक जून को आम चुनाव के सातवें व अंतिम चरण के चुनाव हो रहे हैं, जिसमें 57 सीटों पर मतदान चल रहा है, चुनाव से पहले कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान को लेकर विपक्ष की धमासान राजनीति हो रही है, कांग्रेस मामले को लेकर अदालत भी पहुंच गई है, इस राजनीतिक गर्मा-गर्मी के बीच मतदान से ठीक एक दिन पहले आर्थिक मोर्चे पर दो शानदार खबरें आई है, जो न केवल चौंका रही है, आश्चर्यचकित कर रही है बल्कि अपूर्व खुशी का अहसास करा रही है। भारत भूमि पर भारतीय रिजर्व बैंक के खजाने में 100 टन से कुछ ज्यादा स्वर्ण का शामिल होना सुखद और गौरवान्वित करने वाली खबर है। इसी तरह दूसरी महत्वपूर्ण खबर है पूर्व के सभी अनुमानों को ध्वस्त करते हुए देश की अर्थव्यवस्था ने 8.2 फीसदी की दर से उड़ान भरी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, पहली तिमाही अप्रैल-जून में 7.8 फीसदी, दूसरी तिमाही जुलाई- सितंबर में 7.6 प्रतिशत और तीसरी तिमाही अक्टूबर- दिसंबर में 8.6 फीसदी की दर से बढ़ी थी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। जीडीपी की यह रफ्तार दुनिया के सभी विकसित एवं विकासशील देशों में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की यह तेज गति सशक्त अर्थव्यवस्था को एवं दुनिया की तीसरी आर्थिक महाताकत बनने के संकल्प को बल देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से ही भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में एक चमकते सितारे के रूप में उभरी है, सुदृढ़ आर्थिक विकास के सुनहरे परिदृश्य प्रस्तुत कर रही है एवं मजबूत आर्थिक विकास को दर्शा रही है। जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। विनिर्माण, निर्माण, लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं द्वारा प्रोत्साहित, चौथी तिमाही की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्थशास्त्रियों द्वारा लगाए गए 7.3-7.4 प्रतिशत के उच्चतम अनुमान से कहीं अधिक रही। और 8.2 प्रतिशत की पूर्ण वर्ष की वृद्धि दर आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत और एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत के दूसरे अग्रिम अनुमान से अधिक है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूर्वानुमानों से ऊपर है। जीडीपी की गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। यह आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। यह जीडीपी इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल यानी 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का विजन निश्चित ही हम हासिल करेंगे। ध्यान देने की बात है कि आजादी के बाद की अधिकतम शासन करने वाली सरकारों ने आर्थिक संकट ही खड़े किये थे। साल 1991 में जब भारत पर आर्थिक संकट आया था, तब शायद भारतीय अर्थव्यवस्था से दुनिया के ज्यादातर देशों को विश्वास कुछ डिग गया था। मजबूरी में देश को अपना सोना विदेश भेजना पड़ा था। तब कर्ज का जाल भारी हो गया था, लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन कर रही है और कर्ज चुकाना अब समस्या नहीं है। ऐसे में, इतने बड़े पैमाने पर विदेश से सोना लाने की प्रशंसा ही की जा सकती है। मार्च के अंत तक रिजर्व बैंक के पास 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन विदेश में था। वास्तव में, अपना सोना किसी अन्य देश में रखने को बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। रिजर्व बैंक शायद संदेश देना चाहता है कि भारत अब शक्तिशाली है और वह अपने सोने की हिफाजत खुद कर सकता है। आज अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हम ब्रिटेन से आगे निकल गए हैं, तो हमें अपनी नीतियों में गरिमा के अनुरूप परिवर्तन करना ही चाहिए। वैसे, भारत की स्थिति अचानक नहीं सुधरी है।

एक खास बात यह भी है कि भारत चालू वित्त वर्ष में ऐसे चंद देशों में शुमार है, जिन्होंने सोना खरीदा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ ही महीनों में 27.5 टन सोना खरीदकर अपने स्वर्ण भंडार में जमा किया है। स्वर्ण भंडार के मामले में भारत 822.1 टन के साथ दुनिया में नौवें स्थान पर है और अमेरिका के पास सर्वाधिक 8,133 टन से ज्यादा सोना है। जर्मनी के पास 3,352 टन सोना है। उसके बाद इटली, फ्रांस, रूस, चीन (2,262 टन), स्विट्जरलैंड और जापान का स्थान है। समय के साथ सोने का भाव बढ़ता ही रहा है, बीस साल पहले जो सोना 6,307 रुपये प्रति दस ग्राम का था, वही सोना आज 73,390 रुपये प्रति 10 ग्राम का हो गया है। जाहिर है, सोने की मांग नहीं घटने वाली, पर ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को अपनी बुद्धि, कौशल और श्रम से सोना खरीदने में सक्षम होना पड़ेगा, तभी देश के स्वर्ण भंडार की खनक-चमक बढ़ेगी। कई उच्च आवृत्ति संकेतक जैसे जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई आंकड़े आदि संकेत देते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली और उत्साही बनी हुई है। मोदी यदि तीसरे कार्यकाल के लिये प्रधानमंत्री चुने जाते हैं तो भारत की आर्थिक विकास गति जारी रहेगी। जीडीपी एवं आर्थिक गति मूडीज, फिच, एसएंडपी, नोमुरा, रिजर्व बैंक, आईएमएफ आदि दिग्गज वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को ठुकराते हुए नई छलांगे लगायेगी। प्रधानमंत्री ने देश में आतंकवादी वारदातें कम होने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च किया है और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। उन्होंने देशवासियों को?इस बात का अहसास कराया कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है।?उन्होंने देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान भी किया क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं। यह उल्लेखनीय एवं संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 'इंडियन इकॉनमी- अ रिव्यू' में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बन जाएगा।

# अस्पताल में खड़ी एंबुलेंस में लगी आग

## पेट्रोल चोरी करने पहुंचे युवकों ने लगाई आग, दो आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** दुर्ग जिला अस्पताल परिसर में खड़ी एक एंबुलेंस में बीती रात आग लग गई। देर रात अचानक गाड़ी से आग की लपटें निकलने लगी। लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया गया। जब तक आग बुझी गाड़ी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। बताया जा रहा है कि आग पेट्रोल चोरी करने पहुंचे दो बाइक सवार युवकों ने लगाई थी।

जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार-रविवार देर रात करीब 3 बजे उन्हें सूचना मिली थी कि जिला अस्पताल दुर्ग परिसर में खड़ी एक गाड़ी में आग लग गई है। तुरंत एक दमकल और टीम को रवाना किया गया। दमकल की टीम 3.42 बजे वहां पहुंच गई। टीम ने जाकर देखा तो वहां जिला अस्पताल की एक एंबुलेंस (मारुति वैन) में आग लगी हुई थी।



जानकारी के मुताबिक, वैन में आग इतनी बढ़ गई थी कि वो पूरी गाड़ी में फैल गई थी। गाड़ी आग का गोला बन गई थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत लोगों को वहां से दूर किया और पानी से आग को बुझाने का काम किया। टीम ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एक दमकल गाड़ी पानी की सहायता से आग पर काबू पाया और सुबह 4.30 बजे वहां से चली गई।

**लोगों ने दो युवकों को किया पुलिस के हवाले:** जब पुलिस आगजनी के मामले की जांच करने पहुंची तो वहां लोगों ने दो युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। लोगों ने युवकों की पहले पिटाई की उसके बाद उन्हें पुलिस के हवाले किया। लोगों ने बताया दो लोग बाइक से आए। वो लोग एंबुलेंस से पेट्रोल चोरी कर रहे थे। इसी दौरान किसी ने उन्हें देख लिया। जब शोर मचाया तो एक युवक ने कार का कांच तोड़कर उसके अंदर आग लगा दी। भागते समय बोतल से पेट्रोल गिर गया, इससे आग चारों तरफ फैल गई। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी में से एक का नाम जग्गी बताया जा रहा है जो आदतन चोर है।

# मॉर्निंग वॉक कर रहे युवक पर हमला

## दो लुटेरों ने गाली-गलौज कर पेट पर चाकू घोंपा, मोबाइल छीनकर भागे

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना इलाके के कमल विहार में मॉर्निंग वॉक के दौरान एक युवक पर चाकू से हमला हुआ है। दो लुटेरों ने गाली-गलौज के बाद युवक के पेट पर वार कर दिया। इस हमले में युवक बुरी तरह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित के पिता पंचराम डडसेना ने पुलिस को बताया कि, वो खेती किसानी का काम करता है। उन्हें रविवार सुबह सूचना मिली कि उनके बेटे तेज कुमार डडसेना को किसी ने चाकू मार दिया है।

बेटा सुबह करीब 5 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए कमल विहार के सेक्टर-1 के प्राथमिक स्कूल के पास गया था। इस दौरान दो अज्ञात लड़के उसके पास



आकर जबरन गाली-गलौज करने लगे।

**पेट पर चाकू से वार:** जब तेज कुमार ने उन्हें गाली-गलौज देने से मना किया, तो उन्होंने अपने पास रखे चाकू से उसके पेट पर वार कर दिया। जिससे वो घायल होकर जमीन पर गिर गया। शरीर से खून निकलने लगा। इसके बाद लुटेरे उसके जेब में रखे मोबाइल को लेकर भाग हो गए। इस मामले में टिकरापारा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

## गलत इंजेक्शन से गर्भस्थ शिशु की मौत

**कोरबा, एजेंसी।** कोरबा जिले के कोटाद्वारी गांव में गलत इलाज के कारण गर्भवती महिला की जान आफत में पड़ गई, जबकि उसके 7 महीने के गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। हालत बिगड़ने के बाद महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन शिशु को बचाया नहीं जा सका। इस मामले में सीएमएचओ ने जांच के आदेश सेक्टर डॉक्टर को दिए हैं। दरअसल, कोटाद्वारी गांव की रहने वाली संगीता 7 महीने की गर्भवती थी। अचानक दर्द होने पर उसने पास में रहने वाले झोलाछाप डॉक्टर से संपर्क किया। पीड़ित पक्ष के मुताबिक एक इंजेक्शन दिए जाने के बाद स्थिति बिगड़ गई जिस पर परिजनों को अवगत कराया गया।

**गर्भस्थ शिशु को नहीं बचा सके डॉक्टर:** आनन-फानन में संगीता को कोरबा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टर ने मिलकर स्थिति तो जरूर संभाल ली लेकिन संगीता के गर्भस्थ शिशु को नहीं बचा सके।

# श्रद्धालुओं से भरी पिकअप-ट्रक की टक्कर, 25 घायल

## इनमें 9 महिलाएं, 3 बच्चे, 20 की हालत गंभीर, मरहीमाता जा रहे थे दर्शन करने

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में फिर लोगों से भरी एक पिकअप रविवार को हादसे का शिकार हो गई। बिलासपुर में ट्रक से टक्कर के बाद यात्रियों से भरी पिकअप पलट गई। इसके चलते उसमें सवार 9 महिलाएं और 3 बच्चों सहित 25 लोग घायल हो गए हैं। इनमें 20 लोगों की हालत गंभीर है। हादसा रतनपुर थाना क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, सभी लोग मरहीमाता मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान रतनपुर-बेलगहना के बीच रानी बछाली मोड़ के पास सामने से आ रही ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप सड़क किनारे पलट गया। बताया



जा रहा है कि हादसे के समय पिकअप में 30 लोग सवार थे।

**गंभीर घायलों को बिलासपुर किया गया रेफर:** हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद घायलों को एंबुलेंस से रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां गंभीर देख 20 लोगों को बिलासपुर रेफर किया गया है। सभी घायल बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम कया के रहने वाले हैं।

**9 साल की बच्ची की हालत गंभीर:** इस सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों में 9 साल की दीपिका भी शामिल है। इसके अलावा मोहित (24), शिवानी (23), रोहित (35), आदित्य (15), देवेंद्र (15), सतरूपा (45), नेहा (45) और अन्य की भी हालत गंभीर है।

**माल वाहक फिर हादसे का शिकार:** इससे पहले कवर्धा जिले में भी पिकअप के खाई में गिरने से 19 लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद प्रदेश में ऐसे माल वाहक वाहनों में यात्री परिवहन पर सख्ती बरती जा रही है। बावजूद इसके अब भी लोग अपनी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। छोटे-छोटे माल वाहक वाहनों में बड़ी संख्या में सवार होकर जानलेवा सफर कर रहे हैं।

# चोरी के बाद पुलिस को चैलेंज

## प्रेमिका पर खर्च करने सक्ती में सीरियल चोर करता था वारदात, स्कूटी भी गिफ्ट की



**मीडिया ऑडीटर, सक्ती एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में पुलिस ने एक सीरियल चोर को शनिवार को गिरफ्तार किया। इस आरोपी ने 8 अलग-अलग जगहों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। आदतन चोर कई बार पुलिस को चोरी के बाद चौलेंज भी करता था। कुछ दिनों पहले हुई चोरी में एक नोट लिखकर छोड़ा था, जिसमें चोर ने लिखा था 'फिर मिलेंगे'। बताया जा रहा है कि आरोपी चोरी करके उससे मिली रकम को अपनी प्रेमिका के ऊपर खर्च करता था। आरोपी ने अपनी प्रेमिका को एक स्कूटी भी गिफ्ट में दी थी। छोड़े गए नोट के बाद पुलिस ने चोर की तलाश शुरू की और प्लानिंग के साथ चोर को पकड़ लिया। मामला सक्ती थाना इलाके का है।

**अज्ञात युवक ने फोन कर युवक के बारे में दी जानकारी:** जानकारी के मुताबिक, सक्ती नगर में लगातार हो रही चोरियां के बारे में कोई खासी जानकारी पुलिस को नहीं मिल रही थी। इसी बीच पुलिस को एक युवक का फोन आया। उसने पुलिस को बताया कि सक्ती का एक युवक देवा यादव जिसकी उम्र 25 साल है, हमारे गांव आता है और गांव की युवती को बैठाकर चला जाता है। युवक लड़की को महंगे तोहफे भी देता है लेकिन युवक कुछ काम नहीं करता है। इसके बाद वार्ड नं 5 पुरेनापारा निवासी देवा को पुलिस ने संदेह के दायरे में लेकर हिरासत में लिया और पूछताछ की। हालांकि युवक कुछ भी बताने से इनकार कर रहा था।

**प्रेमिका को थाने में देख रोने लगा चोर, बताई पूरी कहानी:** कड़ाई से पूछताछ के बाद भी जब आरोपी ने कुछ नहीं बताया तो पुलिस ने युवक की प्रेमिका को भी थाने बुला लिया। अपनी प्रेमिका को थाने में देखकर युवक रोने लगा और चोरी करना स्वीकार कर लिया। धीरे-धीरे आरोपी ने चोरी से जुड़ी पूरी कहानी बताई। युवक ने बताया कि वह शहर में 8 जगह चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका है।

**अपनी प्रेमिका पर खर्च करता था पैसे:** आरोपी ने बताया कि वह चोरी के बाद उससे मिली रकम को अपनी प्रेमिका के ऊपर खर्च करता था। आरोपी ने प्रेमिका को एक स्कूटी भी गिफ्ट में दी है। इसके अलावा दोस्तों के साथ पार्टी भी इसी चोरी की रकम से होती थी। पैसे खत्म होने के बाद वह दूसरे जगह चोरी करने की प्लानिंग करता था। फिर उस रकम को भी अपनी प्रेमिका के ऊपर खर्च करता था।

**आरोपी ने इन जगहों पर की थी चोरी:** आरोपी ने बताया कि वह 2 साल पहले से चोरी की वारदात कर रहा है। 2 साल पहले बाराद्वार रोड स्थित दुर्गा टायर से 12 हजार, 7 महीने पहले बाराद्वार रोड स्थित किराना दुकान संचालक के गोदाम से 30 हजार पार किए थे। इसके अलावा दुर्गा टायर के पास तेल दुकान से 92 हजार, एम.के इलेक्ट्रॉनिक्स से 40 हजार, शिव ऑटो पार्ट्स से 40 हजार की चोरी की थी। साथ ही नरेश अग्रवाल के इलेक्ट्रॉनिक दुकान से 20 हजार, किसान बीज भंडार से 12 हजार और बंसल प्लास्टिक से पांच नग चांदी के सिक्के और 2,200 रुपए की चोरी की है।

**आदतन चोर है आरोपी, चोरी के सामान जब्त:** सक्ती एसडीओपी मनीष कुंवर ने बताया कि आरोपी देवा यादव आदतन चोर है और 8 जगह चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी के कब्जे से एक बाइक दो मोबाइल, कूलर, टेंट का सामान, डीजे बॉक्स जब्त किया गया है। चोरी की रकम से खरीदी गई स्कूटी जो आरोपी ने प्रेमिका को दी थी उसे भी जब्त किया है। पुलिस ने करीब ढाई लाख के समान बरामद किए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# नगर निगम चिरमिरी वार्ड क्रमांक 1 के रहवास मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी निप्र।** आजादी के 76 सालों बाद भी जिला एमसीबी के नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 01 के ग्रामीणों को आज तक मूलभूत सुविधाओं के नाम पर सिर्फ और सिर्फ आश्वासन दिया गया, वो तमाम आश्वासन और खोखले वादे जो गांव वालों के बताने के अनुसार अब बेबुनियादी ही दिखाई देते हैं। हालांकि यहां के लोगों ने बताया कि हर एक चुनाव के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधि इन लोगों तक वोटों के नाम पर अपनी झोली फैलाने इनके सामने आ खड़े होते हैं। मगर जैसे ही चुनाव बीत जाता है, सारे नेता मंत्री अपने किए वादों को तो भूल ही जाते हैं। विकास के नाम पर आवंटित हुए कार्यों केआड़ में मोटी रकम, जिससे तमाम जनप्रतिनिधि और शासन के गैरजिम्मेदार अधिकारी अपनी जेब गर्म करते हैं। वार्डक्रमांक 01 की धरातल से जुड़ी असलियत वहां जा कर ही देखी जा सकती है। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि नगर पालिक निगम चिरमिरी के नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड क्रमांक 01 के जो वर्तमान पार्षद हैं, उनके हाथों कुल तीन पंच वर्षीय कार्यकाल आया और एक पंच वर्षीय कार्यकाल उनकी धर्मपत्नी को मिला, इन बीस सालों में वार्ड क्रमांक 01 की प्रगति हुई या दुर्गति हुई, इसकी सच्चाई वहां के लोगों ने बताई, वहां के ग्रामीण अपने पार्षद से हताश, शासन से निराश, नेताओं मंत्रियों से दुखित और अब सब पर क्रोधित हो चुके हैं। इन लोगों ने मीडियाकर्मियों से बताया कि इनकी तकलीफें और बदहाली की सुध लेने वाला अब कोई नजर नहीं आता है। नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 01 में जहां नजर दौड़ाई जाए चारों ओर बदहाली नजर आती है, जहां वार्ड के कुछ हिस्सों में कार्य हुए भी तो नाम भर, मगर जनप्रतिनिधि ने अपनी ऊंची बिल्डिंग ठोक ली और कमाए पूरे दम भर। यहां के लोगों ने बताया कि आज भी लामीगोड़ा के कई इलाके में ना बिजली है, ना पानी ना स्वास्थ्य सुविधाएं ना ही सड़क ना ही पुलिया, यहां के नन्हे बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर गांव जाना पड़ता है। रास्ते में बड़ा सा नदी नाला और रेल्वे लाईन की पटरियां भी पड़ती हैं, वहां के लोगों ने बड़ी ही भावुकता एवं उदासीनता भरे स्वर में अपनी आपबीती सुनाते हुए जानकारी दी कि बरसात के समय बड़े से नदी नाले के भर जाने की वजह से बच्चे बरसात के मौसम में नाले को पार ना कर पाने की वजह से स्कूल नहीं जा पाते हैं।वहीं यदि इलाके में किसी स्थानीय निवासी की तबियत खराब होती है, या कोई दुर्गम घटना होती है तो यहां के लोगों के सामने पूरे साल भर और सबसे ज्यादा तो बरसात के मौसम में ये बड़ी सी नदी एक बड़ी ही रूकावट के रूप में सामने आ जाती है। मरीजों को खाट में लेटा कर नदी और फिर रेलवे ट्रैक को पार करते हुए मुख्य मार्ग तक जाना पड़ता है। तब कहीं यहां के लोगों को गाड़ी का साधन मिल पाता है। समस्याओं की दास्तान यहीं खत्म नहीं होती, यहां के लोगों ने बताया कि यदि किसी तरह नदी को पार कर भी लिया तब रेलवे ट्रैक के चालू लाईन से गुजरते वक्त बड़ी दुर्घटना भी होने की आशंकाएं हैं, और पहले भी इसी तरह कई दुर्घटनाएं भी हुई हैं।और लोगों ने अपनी जानें भी गंवाई हैं, जिसका जिम्मेदार किसको ठहराएं। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की जिम्मेदारी कौन लेगा? यहां की महिलाओं ने बताया कि यहां के पार्षद जो वर्तमान में नगर पालिक निगम चिरमिरी के नेता प्रतिपक्ष भी हैं।

# युवक की पिटाई का वीडियो वायरल, आरोपियों का निकला जुलूस

## गांजा तस्करी की मुखबिरी करने पर बंधक बनाकर पीटा, 2 गिरफ्तार, 1 फरार

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** भिलाई में गांजा तस्करी की मुखबिरी करने वाले युवक को बंधक बनाकर पिटाई करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला। वहीं तीसरा आरोपी आयुष तिवारी अभी भी फरार है।

दरअसल, शारदा पारा कबीर कुटी के पास कैंप 2 निवासी शुभम नंदी (28), आजाद चौक पुलिस पेट्रोल पंप के पीछे भिलाई तीन निवासी लावेश ठाकुर उर्फ लक्की (19) और आयुष तिवारी ने युवराज ठाकुर (20) को बंधक बना लिया था। इसके बाद एमपीईबी कालोनी के मकान में बंद करके बुरी तरह पीटा था। साथ ही लोगों में अपनी दहशत बनाने के लिए मारपीट का वीडियो भी बनाया था।

यह वीडियो कुछ महीने बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसे दैनिक भास्कर डिजिटल ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद दुर्ग पुलिस हरकत में आई और एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला तीनों आरोपियों



को पकड़ने के निर्देश दिए।

भिलाई तीन पुलिस तुरंत एक्टिव हुई और तीन दिन के अंदर दो आरोपी शुभम नंदी और लावेश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं कुछ दिन पहले जेल से बाहर आया आयुष तिवारी अभी भी फरार है। पुलिस शनिवार दोपहर दोनों आरोपियों को लेकर मार्केट पहुंची। इसके बाद उन्हें पूरे मार्केट में घुमाया गया, जिससे लोगों के मन से उनका डर खत्म हो सके।

**एमपीईबी कॉलोनी के क्वार्टर में की थी मारपीट:** भिलाई तीन थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि युवराज ठाकुर उम्दा भिलाई का रहने वाला है। उसने शिकायत दर्ज कराई है कि शुभम, आयुष और लक्की ने उससे पैसे लिए थे, जिसे वो वापस नहीं कर रहे थे। युवराज उनसे पैसे मांगने के लिए एमपीआबी कॉलोनी भिलाई तीन गया था, जहां तीनों आरोपियों ने युवराज को एक मकान के कमरे में बंद कर दिया।

इस दौरान आरोपियों ने युवराज से कहा कि तुम अपना पैसा मांगने आए हो, जबकि उसकी मुखबिरी से वो जेल गए और उनके 10 हजार रुपए खर्च हुए हैं। उसे दो नहीं तो जान से मार देंगे। इसके बाद उन्होंने युवराज को बांधकर उसकी बुरी तरह से पिटाई की थी।

# स्पा सेंटर संचालक पर युवती से रेप का आरोप

## बिलासपुर में काम देने के बहाने दुष्कर्म किया, भाजपा का पदाधिकारी भी रह चुका है

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में भाजपा नेता पर दिल्ली से काम करने आई युवती से रेप का आरोप लगा है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने उसे पकड़ा भी, लेकिन मामला दर्ज नहीं हो रहा था। बाद में एसपी रजनेश सिंह के निर्देश केस दर्ज किया गया। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है। रायपुर निवासी विश्वजीत सेनगुप्ता (43 वर्ष) भाजपा किसान मोर्चा का मंडल संयोजिक रह चुका है। अभी वो अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निरोधक समिति का पदाधिकारी है। विश्वजीत बिलासपुर के व्यापार विहार के पास ब्यूटी पार्लर और स्पा सेंटर चलाता है। कुछ समय पहले दिल्ली की 22 वर्षीय





युवती काम की तलाश में यहां आई, तब विश्वजीत ने उसे काम पर रखा था।

**खाना खिलाने के बहाने होटल ले जाने का आरोप:** शिकायत के मुताबिक शुक्रवार रात विश्वजीत सेनगुप्ता स्पॉ सेंटर में था। आरोप है कि वहां काम निपटाने के बाद वह युवती को खाना खिलाने के बहाने ले गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन के पास होटल में दोनों ने खाना खाया। इसके बाद वह युवती को लेकर फिर स्पा सेंटर पहुंचा।

पुलिस की दो शिकायत में युवती का आरोप है कि यहां मौका पाकर उसने धमकाते हुए दुष्कर्म किया। इसके बाद घटना की जानकारी किसी को देने पर काम से निकालने और बदनाम करने की धमकी भी दी।

**स्पा सेंटर से निकलते ही 112 को किया कॉल:** आरोपी तड़के करीब तीन बजे तक युवती के साथ रहा। सुबह करीब 5 बजे युवती स्पा सेंटर से बाहर निकली, जिसके बाद उसने सीधे डायल 112 को कॉल कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस उसे और आरोपी विश्वजीत को पकड़ कर थाने ले आई।

**सुबह से लेकर दोपहर तक थाने में बैठी रही युवती:** इस दौरान युवती केस दर्ज कराने के लिए सुबह से लेकर दोपहर तक थाने में बैठी रही। आरोप है कि थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल केस दर्ज करने में देरी करते रहे। इसी बीच जानकारी मिलते ही एसपी रजनेश सिंह ने अनिल अग्रवाल को फटकार लगाई और युवती की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

इसके बाद हरकत में आए थानेदार ने आनन-फानन में केस दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार करने की जानकारी दी।

# दिनदहाड़े होटल में तोड़फोड़ और हंगामा

## बीच सड़क 6 से ज्यादा बदमाशों का बवाल सीसीटीवी में कैद, फिर भी एफआईआर नहीं

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** राजधानी रायपुर के मौदहापारा इलाके में दिनदहाड़े बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। बदमाशों के आतंक का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें 6 से ज्यादा बदमाश लाठी-डंडा लेकर एक होटल संचालक को डरा-धमकाकर मारपीट करते नजर आ रहे हैं। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है।

बताया जा रहा है कि ये वीडियो शनिवार शाम 5 बजे के आसपास का है। रायपुर के डेंटल कॉलेज के पास स्थित एक होटल संचालक से कुछ लड़कों ने जबरन पैसों की मांग की। होटल के मालिक ने उन्हें पैसे देने से मना कर दिया तो उन्होंने बहसबाजी चालू कर दी। फिर कुछ देर बाद और लड़के डंडे और लाठी लेकर वहां पर पहुंच गए।

**होटल मालिक से बदसलूकी और तोड़फोड़:** मिली जानकारी के मुताबिक, करीब आधे दर्जन लड़कों ने होटल के मालिक और स्टाफ के साथ बदसलूकी की। बताया जा रहा है कि इन्होंने सड़क में दौड़कर मारपीट भी की।

# चीन के दखल से लंबी खिंचेगी जंग

## जेलेंस्की बोले- यह दुनिया के लिए गलत संदेश



**यूक्रेन (एजेंसी)।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार (2 जून) को कहा कि यूक्रेन-रूस जंग में चीन रूस का समर्थन कर रहा है। चीन के दखल से यह जंग लंबे समय तक चलेगी। अमेरिकी न्यूज चैनल के मुताबिक, जेलेंस्की ने यह बात सिंगापुर में आयोजित शांगरी ला डायलॉग में कही है।

जेलेंस्की ने कहा कि चीन का यह कदम दुनिया के लिए गलत संकेत है। इससे चीन की नीतियां भी गलत साबित होती हैं। चीन कहता है कि वह हर देश की स्वतंत्रता का समर्थन करता है। इसके बाद किसी देश को बर्बाद करने के लिए हथियार या समर्थन देना कोई अच्छी बात नहीं है। अमेरिका भी चीन पर यही आरोप लगा चुका है कि वह लगातार रूस को हथियार दे रहा है। इसके लिए कई बार चीन को चेतावनी दी गई है पर चीन ने इन आरोपों को खारिज किया है। उसने कहा है कि जंग में उसने किसी को भी हथियार नहीं दिए है और हथियारों के एक्सपोर्ट पर सख्त नियंत्रण रख रहा है। उन्होंने कहा कि चीन लगातार दावा करता रहा है कि वह शांति समर्थक है, जबकि वह लगातार रूस की आर्थिक मदद कर रहा है। फरवरी 2022 से शुरू हुई जंग के बाद चीन लगातार रूस से अपने संबंध मजबूत बनाने में लगा है।

जेलेंस्की ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों से यूक्रेन के लिए 15-16 जून को स्विट्जरलैंड में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह भी किया। उन्होंने आरोप लगाया है कि रूस इसमें बाधा डालने की कोशिश कर रहा है।

जेलेंस्की ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन को बाधित करने के लिए रूस कई देशों को दिए जाने वाले कृषि, खाद्य और रासायनिक उत्पादों पर बैन लगाने की धमकी दे रहा है। रूस कई देशों से कह रहा कि वे इस शिखर सम्मेलन में न जाए।

जेलेंस्की ने कहा कि शिखर सम्मेलन में चीन के शामिल नहीं से पता चलता है चीन किसे चाहता है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि चीन जैसा बड़ा स्वतंत्र शक्तिशाली देश पुतिन के हाथों में कठपुतली जैसा है। यूक्रेन शांगरी ला डायलॉग में चीन से बातचीत के पक्ष में था।

# फिलिस्तीन समर्थकों ने म्यूजियम को कब्जे में लिया

## फ्री फिलिस्तीन झंडा लहराया, पुलिस ने 144 को गिरफ्तार किया



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिका की यूनिवर्सिटीज में महीने भर चले स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट के बाद फिलिस्तीन समर्थकों ने न्यूयॉर्क के एक म्यूजियम पर कब्जा कर लिया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने ब्रुकलिन म्यूजियम के कुछ हिस्सों को अपने कब्जे ले लिया और म्यूजियम के ऊपर एक बैनर लटका दिया, जिसमें 'फ्री फिलिस्तीन' लिखा था। घटना शुक्रवार की है, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। इसी दिन पुलिस ने अलग-अलग जगह पर हुए प्रदर्शनों में 114 लोगों को गिरफ्तार किया।प्रदर्शनकारियों ने म्यूजियम के स्टाफ के साथ मारपीट की और वहां तोड़फोड़ करने लगे। इसके बाद पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने मामले में 34 लोगों को गिरफ्तार किया है। न्यूयॉर्क पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों के म्यूजियम में दाखिल होने से पहले ही वहां लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी थी। प्रदर्शनकारियों में शामिल कुछ लोगों ने म्यूजियम की दीवारों पर स्प्रे-पेंटिंग करने की भी कोशिश की। इन प्रदर्शनों को विदिन आवर लाइफटाइम नाम की एक संस्था ने ऑर्गेनाइज किया था।

# एग्जिट पोल के आंकड़े आने के बाद दिल्ली पहुंचे सीएम नीतीश



**पटना/दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के बाद देशभर में विभिन्न एजेंसियों ने एग्जिट पोल जारी कर दिए हैं। बिहार की बात करें तो यहां एनडीए को बढ़त मिल रही है। वहीं, एग्जिट पोल के आंकड़े आने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार रविवार को अचानक दिल्ली पहुंच गए हैं। वहीं, इस दौरान मुख्यमंत्री ने दावा किया है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनेगी। बता दें कि सीएम नीतीश के इस दौरे को निजी यात्रा बताया जा रहा है। सोमवार को वह दिल्ली से वापस पटना लौट आएंगे। सूत्रों की मानें तो नीतीश कुमार एनडीए नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। दिल्ली में नीतीश कुमार का दौरा होना कई किस्म की चर्चा को जन्म दिए हुए है। क्योंकि हाल ही में तेजस्वी यादव ने दावा किया था कि चाचा (सीएम नीतीश) 4 जून के बाद बड़ा फैसला ले सकते हैं।

# जयराम रमेश का दावा- गृहमंत्री ने कलेक्टर्स को फोन किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार (1 जून) को दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिला कलेक्टर्स को फोन करके डरा-धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि शनिवार सुबह से अमित शाह 150 अधिकारियों को फोन कर चुके हैं। जयराम ने इसे शर्मनाक बताया था। रविवार को इलेक्शन कमीशन ने जयराम रमेश के दावे का संज्ञान लिया। कमीशन ने जयराम रमेश को एक पत्र लिखकर कहा कि वे अपने दावे से जुड़ी डिटेल शेयर करें। ताकि इस मामले में सही एक्शन लिया जा सके। कमीशन ने जयराम रमेश को लिख पत्र में कहा कि आचार संहिता लागू होने के दौरान सभी अधिकारी इलेक्शन कमीशन को रिपोर्ट करते हैं। अब तक किसी डीएम ने ऐसी जानकारी नहीं दी है, जैसे आप दावा कर रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि वोट काउंटिंग की प्रक्रिया एक पवित्र ड्यूटी है, जो हर रिटर्निंग अफसर को सौंपी गई है। आपके ऐसे बयान इस प्रक्रिया पर संदेह पैदा करते हैं, इसलिए इस बयान पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। कमीशन ने आगे कहा कि आप एक नेशनल पार्टी के जिम्मेदारी, अनुभवी और वरिष्ठ नेता हैं। जो फैक्ट और जानकारी आपको सही लगी, उसके आधार पर काउंटिंग की तारीख से पहले आपने ऐसा बयान दिया, इसलिए आपसे हमारी रिक्वेस्ट है कि आप उन 150 डीएम की डिटेल हमें दें, जिन्हें गृहमंत्री की तरफ से फोन किए जाने का आप दावा कर रहे हैं। इसके साथ ही आप तथ्यात्मक जानकारी और अपने दावे का आधार भी बताएं।

# जनता के भरोसे और एसकेएम कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से मिली भारी जीत-सीएम तमांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिक्किम के मुख्यमंत्री एवं सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के प्रमुख प्रेम सिंह तमांग ने राज्य विधानसभा चुनाव में रविवार को पार्टी की शानदार जीत का श्रेय एसकेएम कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और उनकी सरकार के प्रति लोगों के भरोसे को दिया। एसकेएम रविवार को लगातार दूसरी बार सिक्किम में सत्ता में लौटी। उसने 32 सदस्यीय विधानसभा में 31 सीट पर जीत दर्ज की। पार्टी की शानदार जीत के बाद मुख्यमंत्री तमांग ने पार्टी समर्थकों और सिक्किम के मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने गंगटोक के पलजोर स्टेडियम में एक सभा में कहा, ''यह लोगों के उस प्यार और विश्वास की वजह से है जिसे हम पिछले पांच साल सरकार में रहते हुए बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं। इसके अलावा, पार्टी कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की। अब हम पांच साल और सिक्किम के लोगों के लिए अपना शत प्रतिशत दे सकते हैं। तमांग ने रहेनोक और सोरेंग-चाकुंग निर्वाचन क्षेत्रों से जीत हासिल की। एसकेएम ने 2019 में 17 सीट जीती थीं और सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) को सत्ता से हटा दिया था, जो लगातार 25 साल तक राज्य में सत्ता में रही थी।

# पंजाब में रेल हादसा-एक गाड़ी दूसरी से टकराई, बोगियां ऊपर चढ़ीं, तीसरी गाड़ी को चपेट में लिया

**खन्ना।** पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में आज सुबह करीब 4 बजे दो मालगाड़ियां टकरा गईं। इनमें से एक का इंजन पलट गया और बाजू वाले ट्रैक से गुजर रही पैसेंजर ट्रेन से टकराया। हादसे में मालगाड़ी के 2 लोको पायलट घायल हुए हैं, जिन्हें पटियाला के राजिंद्रा अस्पताल रेफर किया गया। यह हादसा कुछ वैसा ही था, जैसा बीते साल ओडिशा के बालासोर में हुआ था। उस हादसे में रेलवे ट्रैक पर पहले से खड़ी ट्रेन को दूसरी ट्रेन ने आकर टक्कर मारी थी। इस टक्कर के दौरान तीसरी गाड़ी वहां से गुजर रही थी, वह भी हादसे का शिकार हुई। इस रेल हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। फतेहगढ़ साहिब में हुए इस हादसे की रूपरेखा कुछ वैसी ही है, लेकिन गति धीमी होने के कारण एक बड़ा हादसा होने से टल गया है। जानकारी के अनुसार, डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू



सरहिंद स्टेशन पर कोयले से भरी गाड़ी खड़ी थी, जिसे रोपड़ भेजा जाना था। इसी ट्रैक पर पीछे से एक अन्य कोयले से भरी गाड़ी आई, जिसकी टक्कर पहले से खड़ी कोयले की मालगाड़ी के साथ पीछे से हुई। इससे मालगाड़ी का इंजन पलट गया।

## पेरिस से आने वाले विस्तारा के विमान में बम होने की धमकी मिली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस से आने वाले विस्तारा के विमान में बम होने की धमकी मिली जिसके बाद आपातकालीन अलर्ट के बीच मुंबई हवाईअड्डे पर उतरा गया। एक सूत्र ने बताया कि पेरिस से 306 लोगों को लेकर मुंबई जा रही विस्तारा की उड़ान में बम होने की धमकी मिली, जिसके बाद उसके यहां पहुंचने से पहले शहर के हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। सूत्र ने कहा, फ्लाइट रविवार सुबह 10-19 बजे उतरी।विस्तारा ने रविवार को बताया कि पेरिस के चार्ल्स डी गुआले हवाईअड्डे से मुंबई की उड़ान यूके 024 को एयर सिकनेस बैग पर हाथ से लिखा एक नोट मिला

# संजय राउत ने एग्जिट पोल को कॉरपोरेट गेम बताया



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने रविवार को एग्जिट पोल को 'कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा करार दिया और दावा किया कि एग्जिट पोल जारी करने वाली मीडिया कंपनियों पर दबाव था। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान संजय राउत ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) 543 सदस्यीय सदन (लोकसभा) में 295 से 310 सीट जीतेगा और सरकार बनाएगा।

संजय राउत ने यह भी कहा कि उन्हें एग्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि वे धरातल पर काम करते हैं और मूक लहर से परिचित हैं। शनिवार को जारी हुए 'एग्जिट पोल में अनुमान जताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे। इसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। राउत ने दावा किया, ''इन मीडिया कंपनियों पर बहुत दबाव है।'एग्जिट पोल की कवायद कॉरपोरेट खेल और फर्डीवाड़ा है। उन्होंने पूछा,''क्या ये कंपनियां मुफ्त में 'एग्जिट पोल करती हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया 295 से 310 सीट जीतेगा।

राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी गठबंधन कुल 48 में से 35 से अधिक सीट जीतेगा। महा विकास आघाडी गठबंधन में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस तथा शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल है।

# अगले पांच दिनों तक गरज के साथ होगी बारिश

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** बेंगलुरु में भारी बारिश के बाद कई स्थानों पर जलभराव के कारण यातायात बाधित हुआ, कर्नाटक की राजधानी में और अधिक बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को एक येलो अलर्ट जारी करते हुए भविष्यवाणी की कि शहर में अगले पांच दिनों तक बारिश होगी और कुछ इलाकों में गरज के साथ बारिश होगी।

मौसम विभाग ने 2 जून (रविवार) से 4 जून (मंगलवार) तक बेंगलुरु में बादल छाए रहने और गरज के साथ बारिश होने की भविष्यवाणी की है, जबकि 5 और 6 जून को बारिश होगी। बारिश के बीच शहर का अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रविवार को न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। एक मौसम रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, एक अन्य दक्षिणी राज्य केरल के कई हिस्सों में अगले सात दिनों में बारिश होने की संभावना है। केरल के कोझिकोड में 2 जून से 8 जून तक बारिश और गरज के साथ बारिश होने का अनुमान है और अगले सात दिनों में तापमान 35 डिग्री से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। इस बीच, तमिलनाडु के चेन्नई में भी हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की गई है। मौसम विभाग की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है और हल्की बारिश की संभावना है, अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

# श्योपुर में बड़ा हादसा, नाव पलटने से सात लोगों की मौत

**श्योपुर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में सीप नदी में यात्रियों से भरी नाव पलट गई। इस हादसे में तीन बच्चे समेत 7 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि चार लोग एक ही परिवार के थे। घटना मानपुर थाना क्षेत्र की है सरोदा गांव में सीप नदी में 11 लोग नाव में सवार थे। इसी दौरान अचानक तेज आंधी के चलते नाव पलटी चार लोगों ने पानी में तैरकर अपनी जान बचा ली। सात लोग पानी में डूब गए सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया टीम ने 4 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन किया इसके बाद 7 लोगों के शव नदी से बाहर निकाले गए। मृतक विजयपुर और बड़ौदा के रहने वाले हैं। आपको बता दें कि परशुराम, आरती, लाली ,भूपेंद्र ,श्याम, रविंद्र , परवंता की पानी में डूब कर मौत हो गई है। श्योपुर की घटना पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी दुख जताया है उन्होंने एक्स पर लिखा श्योपुर की सीप नदी में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में कई अनमोल जिंदगियों के असामयिक निधन से अत्यधिक पीड़ा हुई। हादसे के तत्काल बाद मौके पर कलेक्टर व एसपी पहुंच गए तथा शासन की ओर से मंत्री घटना स्थल पर पहुँच रहे हैं। एफआईआर की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई, लेकिन दुर्भाग्य से 7 लोगों को नहीं बचाया जा सका।

# मुंबई की बहुमंजिला इमारत में लगी आग

**मुंबई( एजेंसी )।** दक्षिण मुंबई के भायखला इलाके में 62 मंजिला एक आवासीय इमारत में शनिवार आधी रात को आग लग जाने से 57 वर्षीय एक व्यक्ति घायल हो गया, लेकिन 25 से 30 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला लिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि भायखला के 'खटाऊ मिल कम्पाउंड में 'मोंटे साउथ इमारत के 'ए विंग की 10वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में रात करीब 11 बजकर 42 मिनट पर आग लग गई जिसके कारण पूरी मंजिल पर धुआं भर गया और कुछ लोग इमारत की ऊपरी मंजिलों पर फंस गए। अधिकारी ने बताया कि 25 से 30 लोगों को सीढ़ियों के जरिए बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति घायल हो गया है जिसकी पहचान पांडुरंग शिंदे के रूप में की गई है। अधिकारी ने बताया कि आग पर देर रात पौने तीन बजे काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि यह 'स्तर-2 की आग थी, जो 10वीं मंजिल के फ्लैट के बिजली के तारों, लकड़ी के फर्नीचर, घरेलू सामान, अलमारी, गद्दे, लकड़ी के बिस्तर, सोफा, पर्दे, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, छत, दरवाजों, खिड़कियों एवं रसोईघर तथा 11वीं मंजिल के अपार्टमेंट के पर्दों, खिड़की के शीशों आदि तक सीमित थी। अधिकारी ने बताया कि आग बुझाते समय 10वीं मंजिल पर बने फ्लैट के रसोईघर में 'रेफ्रीजेटर के 'कम्प्रेसर में विस्फोट हो गया।

# जनादेश में भरोसा करते हैं, एग्जिट पोल में नहीं-ममता



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों के बारे में एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों को खारिज करते हुए तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि उसे जनादेश पर भरोसा है। अधिकतर एग्जिट पोल ने अनुमान जताया है कि राज्य में भाजपा को तृणमूल कांग्रेस से अधिक सीटें मिलेंगी। तृणमूल कांग्रेस के नेता शांतनु सेन ने दावा किया, ''ज्यादातर एग्जिट पोल ने 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का अनुमान जताया था। लेकिन हम सभी जानते हैं कि वास्तविक परिणाम क्या थे - तृणमूल कांग्रेस ने दो-तिहाई बहुमत हासिल किया। हम ओपिनियन पोल या एग्जिट पोल पर नहीं, बल्कि जनादेश पर विश्वास करते हैं। तृणमूल कांग्रेस राज्य में 30 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेगी।'' तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत रॉय, जो लगातार चौथी बार दमदम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, ने भी एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों को खारिज कर दिया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी एग्जिट पोल को ज्यादा महत्व देने से इनकार कर दिया। माकपा नेता सुजान चक्रवर्ती ने कहा, ''ज्यादातर मौकों पर एग्जिट पोल या ओपिनियन पोल मेल नहीं खाते। इसलिए, मुझे लगता है कि हमें चार जून को घोषित होने वाले वास्तविक परिणामों का इंतजार करना चाहिए।'' हालांकि, भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया, ''भाजपा को शानदार जीत मिलेगी। लोग तृणमूल कांग्रेस के कुशासन का मुंहतोड़ जवाब देंगे।

## केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में किया सरेंडर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार (2 जून) की शाम 5 बजे तिहाड़ जेल में सरेंडर किया। इससे पहले वे आम आदमी पार्टी के दफ्तर गए और कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने कहा, मैं देश बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मुझे नहीं पता कब वापस आऊंगा। वहां मेरे साथ क्या-क्या होगा, मुझे नहीं पता। दिल्ली सीएम ने कहा, 2024 लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल कल सामने आए। लिखकर ले लीजिए, ये सभी एग्जिट पोल फर्जी हैं। एक एग्जिट पोल ने राजस्थान में बीजेपी को 33 सीटें दी थीं, जबकि वहां सिर्फ 25 सीटें हैं। असली मुद्दा यह है कि उन्हें ऐसा क्यों करना पड़ा? उन पर दबाव बनाया गया होगा। वहीं, सरेंडर करने के करीब 30 मिनट बाद ही राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 5 जून तक ईडी की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया।

# यह एग्जिट पोल नहीं मोदी मीडिया पोल है



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकांश एग्जिट पोलों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रचंड जीत की भविष्यवाणी की गई है। हालांकि, कांग्रेस इसको लगातार खारिज कर रही है। इन सब के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह एग्जिट पोल नहीं है, यह मोदी मीडिया पोल है। यह उनका फैंटेसी पोल है। जब उनसे इंडिया गठबंधन की सीटों की संख्या के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, क्या आपने सिद्धू मूस वाला का गाना 295 सुना है? 295। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हमने अपने पीसीसी अध्यक्षों, मुख्यमंत्रियों, प्रभारियों और उम्मीदवारों से चर्चा की है, वे सभी बहुत आश्वस्त हैं। यह एग्जिट पोल सरकार के लिए एक फर्जी पोल है। इंडिया गठबंधन को 295 सीटें मिलेंगी और निश्चित रूप से सरकार बनेगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा निवर्तमान प्रधानमंत्री, जिस व्यक्ति को 4 जून को निश्चित रूप से जाना होगा, उसने इन सभी चीजों की साजिश रची है और एग्जिट पोल को प्रबंधित किया है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल और 4 जून के नतीजों में बहुत बड़ा अंतर होगा। इंडिया गठबंधन की कल एक बैठक हुई थी, हमने संख्याओं पर विस्तार से चर्चा की, यह असंभव है कि इंडिया गठबंधन को 295 से नीचे कुछ भी मिलेगा। लगभग सभी एग्जिट पोल में एनडीए को भारी जनादेश मिलने की भविष्यवाणी की गई है, जिसमें बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल करेगी। इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने एनडीए के लिए 361-401 सीटों का अनुमान लगाया है, जिसमें बीजेपी ने बंगाल, तेलंगाना और ओडिशा में जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि ये एग्जिट पोल सिर्फ माहौल बनाने के लिए हैं कि इंडिया गठबंधन हार गया है, यह एक मनोवैज्ञानिक खेल है।

हम इसका विरोध करेंगे... हम जानते हैं कि हम 4 जून को निवर्तमान प्रधानमंत्री को अलविदा कहेंगे।

# अल हिलाल के हाथों फाइनल मुकाबला हारने के बाद भावुक हुए रोनाल्डो

**जेद्दा (एजेंसी)।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे।

यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई। अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता। दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रोनाल्डो टीम की हार के बाद निराशा में जमीन पर लेट गए और उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे। अल नासर को यह हार सऊदी प्रो लीग सत्र के समापन के चार दिन बाद मिली है। अल नासर प्रो लीग में अल हिलाल के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। अल हिलाल ने 14 अंकों के बड़े अंतर से अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ा था। रोनाल्डो के लिए राहत की बात यह रही कि उन्होंने प्रो लीग के इस सत्र में रिकॉर्ड 35 गोल किए।

# हम अच्छी हॉकी खेल रहे हैं लेकिन कभी-कभी लय कायम नहीं रख पाते-हरमनप्रीत

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि उनकी टीम टुकड़ों में अच्छी हॉकी खेल रही है और पेरिस ओलंपिक से पहले एफआईएच प्रो लीग के आगामी मैचों में टीम को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। भारत इस समय प्रो लीग की तालिका में 12 मैचों में 21 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। भारत का सामना शनिवार से शुरू हो रहे प्रो लीग के लंदन चरण में छठी रैंकिंग वाली जर्मनी और नौवीं रैंकिंग वाली ब्रिटेन टीम से होगा। भारत ने बेल्जियम चरण में अर्जेंटीना को दो मैचों में हराया जबकि दो मैचों में बेल्जियम ने उसे मात दी। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा ,'' हमने कुछ मौकों पर शानदार हॉकी खेली लेकिन कई बार लय के लिये जूझते रहे। टीम लगातार सुधार कर रही है। हमने युवा खिलाड़ियों को भी मैच अनुभव देने की कोशिश की।'' भारतीय कप्तान ने कहा कि अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ कुछ कड़े मुकाबले खेलने से टीम को मदद मिलेगी।

# टी20 विश्वकप-अर्शदीप ने अभ्यास मैच में लिटन को किया बोल्ड

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने यहां एकमात्र अभ्यास मैच में बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज लिटन दास को क्लीन बोल्ड कर दिया। लिटन 8 गेंदों में केवल 6 रन ही बना सके। लिटन ने अपनी इस पारी में एक चौका जसप्रीत बुमराह की गेंद पर लगाया। वह अर्शदीप की बैक-ऑफ-द-लेंथ गेंद को खेलने में पूरी तरह से विफल रहे।

अर्शदीप ने इस मैच में दो विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई अर्शदीप ने पिछले टी20 विश्वकप में भी भारतीय टीम की ओर से खेला था। गत माह आईपीएल 2024 के दौरान भी उनकी गेंदबाजी की तारीफ हुई थी। अर्शदीप ने 2023 सीजन में 18, 2022 सीजन में 10 तो 2021 सीजन में 19 विकेट लिए थे। बांग्लादेश के खिलाफ पहले खेलते हुए भारतीय टीम की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। संजू सैमसन 1 रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद रोहित ने ऋषभ के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। ऋषभ 33 गेंदों पर 53 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने 23 गेंदों पर 40 रन बनाकर टीम को 182 तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी बांग्लादेश की टीम 122 रन ही बना पाई। भारतीय टीम की ओर से अर्शदीप के अलावा शिवम दुबे ने भी दो विकेट लिए। वहीं बुमराह, सिराज, हार्दिक और अक्षर पटेल ने 1-1 विकेट लिया।

# टी20 विश्वकप-रोहित से मिलने पहुंचे प्रशंसक को पुलिस ने पीटा

**न्यूयॉक (एजेंसी)।** यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने अपने एकमात्र अभ्यास मैच में बांग्लादेश को 61 रनों से हरा दिया। न्यूयॉर्क के नये स्टेडियम में भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के अर्धशतक 53 रनों की सहायता से पारी को 182 रन तक पहुंचाया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम 122 रन ही बना पाई। मैच के दौरान एक प्रशंसक के मैदान में घुस आने से हड़कंप मच गया। इस प्रशंसक मैदान के अंदर आकर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के पास पहुंच गया। यह देखकर पुलिस मैदान में आई और उसने किसी प्रकार इस प्रशंसक को हथकड़ी पहनाकर बाहर निकाला। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है।





वहीं मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। संजू सैमसन केवल एक 1 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद रोहित शर्मा ने ऋषभ के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। ऋषभ 33 गेंदों पर 53 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। इसके बाद हार्दिक पांड्या ने भी एक छोर संभालकर 23 गेंदों पर 40 रन बनाकर और टीम स्कोर 182 तक पहुंचाया। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम 9 विकेट पर 122 रन ही बना पाई। भारतीय टीम की ओर से अर्शदीप सिंह और शिवम दुबे 2-2 विकेट लेने में सफल रहे।

# कनाडा के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले में अमेरिका का पलड़ा होगा भारी

**डलास (एजेंसी)।** अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में हाल में आईसीसी की पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को हराने वाली मेजबान टीम जीत की दावेदार होगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे होगा। आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ अमेरिका के कोच हैं। टी20 विश्व कप में पदार्पण करने वाली टीम कुछ हैरानी भरे नतीजे हासिल कर सकती है। अमेरिका ने टूर्नामेंट की तैयारियों में पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को 2-1 से हराकर साबित कर दिया कि उसे कमजोर नहीं आंका जा सकता। हाल में अमेरिका ने कनाडा को 4-0 से हराया था। न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और 2015 विश्व कप फाइनल खेलने वाले कोरी एंडरसन भी टीम में हैं जिसकी अगुआई विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक पटेल करेंगे। गुजरात के आणंद में जन्मे मोनांक आयु स्तर के क्रिकेट में अपनी घरेलू टीम के लिए खेले थे जिसके बाद वह 2016 में अमेरिका में बस गये। वह 2018 विश्व टी20 अमेरिका



क्वालीफायर में छह पारियों में 208 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे थे और 2019 में उन्होंने अपना टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था।

टीम में मुंबई के पूर्व और राजस्थान रॉयल्स के बायें हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह और दिल्ली के पूर्व और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज मिलिंद कुमार भी शामिल हैं। उनकी टीम में सौरभ नेत्रावलकर भी शामिल हैं जो अमेरिका के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। बल्लेबाजी आल राउंडर नितीश कुमार ने 2012 से 2019 तक कनाडा के लिए 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, लेकिन अब वह अमेरिकी जर्सी में दिखायी देंगे। उन्होंने इस साल अप्रैल में कनाडा के खिलाफ अमेरिका की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय पर्दापण किया। कनाडा के पास स्पिनर साद बिन जफर का अपार अनुभव है।

# सर्जरी के बाद बेहतर आहार योजना के साथ सूर्यकुमार ने लगभग 15 किलो वजन कम किया



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से सूर्यकुमार यादव पहले से कहीं अधिक दुबले और फिट दिख रहे हैं जिसमें स्पोर्ट्स हर्निया के इलाज के बाद कठोर परिश्रम के साथ उनकी नियमित आहार योजना ने अहम भूमिका निभायी। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज यह बल्लेबाज पिछले साल दिसंबर में टखने के ऑपरेशन और स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के कारण लगभग चार महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहा था। किसी खिलाड़ी के लिए सर्जरी के बाद फिटनेस का शीर्ष स्तर हासिल करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। सूर्या बेहतर आहार योजना की मदद से 12 से 14 किलो वजन कम करने में सफल रहे। सूर्यकुमार के पोषण पर कुछ समय तक काम करने वाली आहार विशेषज्ञ और 'माइंड योर फिटनेस' की संस्थापक श्वेता भाटिया ने कहा, '' सूर्यकुमार पहले से अधिक दुबले दिख रहे हैं लेकिन उनका शरीर पहले से ज्यादा मजबूत है। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्य आहार के साथ पूरक आहार की योजना बनायी थी।'' भाटिया ने कहा,'' सर्जरी के बाद उनका वजन थोड़ा बढ़ गया था जो एक नैसर्गिक प्रक्रिया है। फिर वह 14-15 किलोग्राम वजन कम करने में सफल रहे। डेक्सा मशीन इसकी पुष्टि कर सकता है कि इस 15 किलो में से 13 किलो वसा का वजन होगा। '' राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में खिलाड़ी के शरीर की संरचना की जांच करने के लिए एक डेक्सा मशीन होती है जो शरीर में मांसपेशियों और वसा की मात्रा का विवरण देती है।

# मुक्केबाज अमित पंघाल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया



**बैंकॉक (एजेंसी)।** विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के 51 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन के चुआंग लियू को हराकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की। पंघाल ने एक कड़े मुकाबले में लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया। वह ओलंपिक में जगह बनाने वाले भारत के पांचवें मुक्केबाज हैं। उनसे पहले निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। पंघाल को पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का केवल एक मौका मिला क्योंकि वह इससे पहले की दो क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल्स में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया से हार गए थे। एशियाई खेल 2018 के चैंपियन पंघाल ने हालांकि इस मौके का पूरा फायदा उठाया। भारत के दो अन्य मुक्केबाज जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) और सचिन सिवाच (57 किग्रा) भी ओलंपिक कोटा हासिल करने की दौड़ में हैं।

# 39 साल में दिनेश कार्तिक ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट ले लिया है। विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक ने 1 जून को अपने 39वें जन्मदिन पर संन्यास का ऐलान किया। कार्तिक हालिया आईपीएल सीजन में आरसीबी के लिए खेलते दिखे थे। कार्तिक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपने दो दशक से ज्यादा लंबे क्रिकेटिंग करियर को याद किया है। कार्तिक ने एक्स पर लिखा, पिछले कुछ दिनों में मुझे जो स्नेह, समर्थन और प्यार मिला है, उससे मैं अभिभूत हूं। इस चीज को संभव बनाने वाले सभी फैंस के प्रति मेरी गहरी कृतज्ञता और हार्दिक धन्यवाद। काफी समय तक इस पर विचार करने के बाद मैंने क्रिकेट से हटने का निर्णय लिया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं, अपने खेल के दिनों को पीछे छोड़कर आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हो रहा हूं। कार्तिक कहते हैं, मैं अपने कोचों, कप्तानों, चयनकर्ताओं, टीममेट्स और सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस लंबी यात्रा को सुखद और आनंददायक बनाया है। मैं खुद को उन कुछ भाग्यशाली लोगों में से एक मानता हूं जिन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। इतने सारे फैंस और दोस्तों की सद्भावना अर्जित करने के लिए मैं और भी भाग्यशाली हूं। कार्तिक ने आगे कहा कि, इन सभी वर्षों में मेरे माता-पिता मेरी ताकत और समर्थन के स्तंभ रहे हैं और उनके आशीर्वाद के बिना मैं आज जो कुछ भी हूं, वह नहीं होता। मैं दीपिका का भी बहुत आभारी हूं, जो खुद एक पेशेवर खिलाड़ी हैं। हमारे महाने खेल के सभी फैंस को बहुत-बहुत धन्यवाद। आपके समर्थन और शुभकामनाओं के बिना क्रिकेट और क्रिकेटर्स का अस्तित्व वैसा नहीं होता।

# एक बार फिर मैदान पर चौके और छक्के लगाते दिखेंगे युवराज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह एक बार फिर मैदान पर चौके और छक्के लगाते दिखेंगे। युवराज अगले माह जुलाई में इंग्लैंड में आयोजित होने वाले पूर्व क्रिकेटरों के टूर्नामेंट 'वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स में 'इंडिया चैंपियंस की कप्तानी करेंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (श्वष्टक्च) से मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा इंग्लैंड, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की पूर्व खिलाड़ियों की टीमें हिस्सा लेगी। 'इंडिया चैंपियंस टीम में युवराज के अलावा हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायुडू और यूसुफ पठान जैसे दिग्गज क्रिकेटर शामिल हैं। भारतीय टीम अपने मुकाबले एजबेस्टन, बर्मिंघम और नॉर्थम्पटनशर में खेलेगी। टीम की जर्सी के अनावरण के अवसर पर टीम के मालिकों के साथ पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह और पूर्व लेग स्पिनर राहुल शर्मा भी मौजूद थे। रैना ने इस मौके पर कहा कि वह 'वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स लीग में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि युवराज और हरभजन के साथ हमने पाकिस्तान के साथ कई मैच खेले हैं। जब आप देश का प्रतिनिधित्व करते हैं तो अच्छा करने की कोशिश होती है। हम इंग्लैंड में पाकिस्तान का सामना करने का ब्रेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने पेशेवर खेल से संन्यास जरूर लिया है पर दिल से कभी क्रिकेट नहीं हटेगा। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के लिए 'इंडिया चैम्पियंस की टीम इस प्रकार है। युवराज सिंह, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायुडू, यूसुफ पठान, गुरकीरत मान, राहुल शर्मा, नमन ओझा, राहुल शुक्ला, आरपी सिंह, विनय कुमार, धवल कुलकर्णी।



# इंपेक्ट प्लेयर नियम बनाये रखें पर बाउंड्री को बढ़ा दें -गांगुली

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि इंपेक्ट प्लेयर का नियम आईपीएल में जारी रहे पर टॉस के समय ही ये तय हो कि कौन सा खिलाड़ी इंपेक्ट प्लेयर के तौर पर उतरेगा। गांगुली दिल्ली कैपिटल्स टीम के क्रिकेट निदेशक भी हैं। गांगुली का ये बयान इसलिए आया है क्योंकि हाल में समाप्त हुए आईपीएल सत्र में 'इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम को लेकर सवाल उठे थे और कई पूर्व खिलाड़ियों का मानना है इससे खेल में बल्लेबाज हावी होते हैं। इसी कारण बड़े स्कोर बने हैं। वहीं गांगुली ने कहा कि इंपेक्ट प्लेयर का नियम बना रहे पर अगले सत्र से बाउंड्री और बढ़ा देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम पसंद है क्योंकि इससे खेल में रोमांच आता है। जहां तक संतुलन की बात है तो इसके लिए मैदान थोड़े बड़े कर देने चाहिए। सीमारेखा को थोड़ा बढ़ा देना चाहिए। इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के साथ बदलाव के तहत खिलाड़ी पर फैसला टॉस से पहले हो जाना चाहिये। टॉस से पहले खुलासा करने के लिए आपको कौशल और रणनीति की जरूरत होगी पर मैं इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम को बनाये रखा जाना चाहिये। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव का इस आईपीएल सत्र में प्रदर्शन इतना शानदार नहीं रहा पर गांगुली का कहना है कि वह अब भी युवा है और छोटे प्रारूप को सीख रहा है। उन्होंने कहा कि वह अभी 23 साल का ही है। वह अब भी सीख रहा है कि टी20 क्रिकेट कैसे खेला जाए। वह शानदार प्रतिभा का धनी है और आने वाले समय में बेहतर ही होगा। साथ ही कहा कि हम पहले ही काफी कुछ उम्मीद लगाने लगते हैं और पृथ्वी के कौशल को देखते हुए मुझे पूरा भरोसा है कि वह आने वाले समय में अच्छा करेगा।

गांगुली ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने पुराने अंदाज में खेलना शुरू कर दिया है। जो एक सकारात्मक बात है।

# निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरुप चल रही मतगणना प्रक्रिया में सहयोग करें अभिकर्ता

## अभ्यर्थियों द्वारा नियुक्त अभिकर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये सतना संसदीय क्षेत्र में शामिल सतना और मैहर जिले की सभी सात विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 4 जून शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में पृथक-पृथक गणना कक्षों में की जायेगी। मतगणना कार्य के लिये अभ्यर्थियों द्वारा नियुक्त गणना अभिकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को टाउन हॉल में आयोजित कर उन्हें मतगणना प्रक्रिया एवं आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। इस मौके सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर डॉ बीके गुप्ता तथा अभ्यर्थियों द्वारा नियुक्त मतणना अभिकर्ता उपस्थित रहे।






प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर डॉ बीके गुप्ता ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतगणना की प्रक्रिया को पूरी तरह से जान लें और मतगणना में आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चल रही कार्यवाही में सहयोग करें। उन्होने कहा कि अभ्यर्थियों के अभिकर्ता अपनी निर्धारित टेबल पर ही बैठेंगे। उन्होने कहा कि मतगणना स्थल पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के तहत मतों की गोपनीयता भंग करने पर 3 माह का कारावास भी हो सकता है। उन्होने बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर को गणना कक्षों में किसी भी व्यक्ति के संदिग्ध होने पर उसकी तलाशी लेने और उसे गणना स्थल से बाहर करने की शक्तियां भी प्राप्त होंगी। उन्होने कहा कि मतगणना पूरी पारदर्शिता के साथ होगी। लेकिन मतों की गोपनीयता बनाई रखी जायेगी। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष में बोर्ड भी लगाया जायेगा। जिस पर चक्रवार गणना प्रदर्शित होगी।

मतगणना स्थल पर बिना किसी वैध प्रवेश पत्र के साथ प्रवेश नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अन्य कोई चीज तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला एवं खाने-पीने की कोई वस्तु नहीं ले जा सकेगा। आयोग के निर्देशानुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मीडिया कर्मियों के प्रवेश पत्र के आधार पर मीडिया कर्मियों को भी मोबाईल और स्टैंड का कैमरा गणना कक्षों में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मीडिया कर्मी केवल हांथ का कैमरा ले जा सकते है। लेकिन उन्हें गणना कक्ष में निर्धारित मार्कलाइन तक ही जाने की अनुमति होगी। किसी भी कैमरे में ईवीएम के डिस्प्ले हो रहे रिजल्ट और डाक मतपत्रों की गणना की फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी नहीं करने दी जायेगी।

विधानसभावार गणना कक्षों में मतों की गणना डाक मतपत्र और ईवीएम में दर्ज मतों की होगी। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सतना की टेबिल पर डाक मतपत्र की गणना प्रात: 8 बजे शुरु की जायेगी। इसके आधे घंटे बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। पूरी मतगणना प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निर्वाचन आयोग द्वारा कराई जायेगी। गणना की प्रत्येक टेबिल पर गणना सहायक, गणना सुपरवाइजर और माइक्रो ऑब्जर्वर बैठेंगे। जबकि उसी कक्ष में रिटर्निंग ऑफिसर की सहायता के लिये डाक मतपत्र और ईवीएम की गणना के लिये एआरओ भी रहेंगे।

# संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की होगी वीडियोग्राफी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** लोकसभा चुनाव के तहत 4 जून को होने वाली मतगणना की संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना की समूची प्रक्रिया की वीडियोग्राफी को आवश्यक बताया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना के प्रत्येक चरण की वीडियोग्राफी सुनिश्चित की जायेगी। वीडियो कव्हरेज में गणना कर्मियों की रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया, स्ट्रांग रूम खोलने की प्रक्रिया, ईव्हीएम का स्ट्राँग रूम से मतगणना कक्ष में अंतरण, मतगणना कक्ष की व्यवस्थाएं, मतगणना केन्द्र पर सामान्य मतगणना की प्रक्रिया तथा रिटर्निंग अधिकारी की मेज पर सामान्य सारणीकरण की प्रक्रिया, ईव्हीएम की दोबारा जांच की प्रक्रिया, मतगणना कक्ष एवं मतगणना केन्द्र के भीतर और बाहर की सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना केन्द्र पर अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति, परिणाम की घोषणा की प्रक्रिया तथा मतगणना की प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय होने वाली घटनाएं शामिल होंगी।

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वीडियोग्राफी में तारीख एवं समय निर्दिष्ट होना चाहिए। आयोग के मुताबिक मतगणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वीडियो कैसेट भविष्य के संदर्भ हेतु सीलबंद कर रखी जानी होगी। आयोग ने मतगणना की समूची प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के लिए समुचित संख्या में वीडियो दलों को तैनात करने के निर्देश दिये हैं।

आयोग के अनुसार मतगणना हाल में कार्यालयीन रिकार्डिंग के अलावा पूरी प्रक्रिया के दौरान किसी और प्रकार का कैमरा या वीडियोग्राफी वर्जित रहेगा। पत्रकारों या मीडिया को किसी प्रकार का कैमरा स्टैंड मतगणना हाल में लगाने की अनुमति नहीं होगी। भारत निर्वाचन द्वारा अधिकृत पास जिन्हें दिया जाएगा, केवल वही व्यक्ति हाथ का कैमरा रख सकेंगे। इसके अलावा वीडियो लेते समय किसी भी स्थिति में ईवीएम में वास्तविक मतों की फोटो कंधे या हाथ में लिए कैमरे द्वारा लेना वर्जित रहेगा। वह स्थान तक जहां कैमरा घूमता है, उस स्थान को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पहले से बताया जाएगा। उसके द्वारा इस सीमा को निशान बनाकर या निर्देश के लिए रस्सी आदि से चिन्हित किया जाएगा। संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की कराई गई वीडियोग्राफी की सीडी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सुरक्षित रखी जाएगी।

# मतगणना स्थल पर इधर-उधर घूमने की अनुमति नही होगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना।** मतगणना स्थल पर अभ्यर्थी और उनके एजेण्ट अपने आवंटित टेबिल के सामने की ओर जाली के दूसरे तरफअपने स्थान पर मतगणना प्रारंभ होने के पूर्व बैठेंगे। अभ्यर्थी के एजेण्टों को दूसरी टेबिल पर जाने या इधर-उधर घूमने की कतई इजाजत नहीं होगी। मतगणना कार्य में सभी उपस्थित एजेण्ट, अभ्यर्थी एवं गणना कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों एवं मीडिया कर्मियों को अपना प्रवेश प्राधिकार पत्र प्रदर्शित करना होगा। मतगणना स्थल पर बिना प्रवेश पत्र धारी किसी व्यक्ति को प्रवेश नही दिया जायेगा और ना ही किसी व्यक्ति को इधर-उधर घूमने की अनुमति होगी। मतगणना स्थल पर अभ्यर्थी उनके एजेन्ट गणना कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियो मीडिया कर्मियो सहित किसी भी व्यक्ति को मोबाइल, पान, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट, माचिस, तरल पदार्थ, गुटखा एवं भोजन सामग्री ले जाने की इजाजत कतई नही दी जायेगी।

**प्रवेश और पार्किंग व्यवस्था:** मतगणना स्थल पर अभ्यर्थी और उनके एजेण्ट तथा मीडिया पर्सन की एंट्री विद्यालय के सामने के मुख्य द्वार से होगी तथा इनके वाहन रेल्वे ग्रांउड में पार्क किये जायेंगे। मतगणना कार्य में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारी, रिटर्निंग ऑफिसर्स, प्रेक्षक सहित सभी निर्वाचन अमले का प्रवेश विद्यालय के पिछले द्वार से होगा और इनके वाहनों की पार्किंग पीछे के मैदान में रहेगी।

# नाबालिग से रेप के आरोपी रिश्तेदार को उम्र कैद

## स्पेशल कोर्ट ने 50 हजार का जुर्माना भी लगाया

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** पारिवारिक कार्यक्रम में गई नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को सतना की स्पेशल कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 50 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है।



न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सतना ने आरोपी को धारा 5६6 पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास और पचास हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। मामले में राज्य की ओर से एडीपीओ हरिकृष्ण त्रिपाठी ने पैरवी की।

अभियोजन प्रवक्ता ने बताया कि पीड़िता 24 मई 23 को अपने माता पिता के साथ रिश्तेदार के यहां बरहौ कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। आरोपी ने पीड़िता को अपने पास बुलाकर अपने घर ले गया और छत में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया।

जब पीड़िता ने चिल्लाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसका मुंह दबा लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा वो जब भी बुलाए तब उसे आना होगा। इसके लिए वह उसे पैसा भी देगा। पीड़िता ने वहां से आ कर अपनी मां को आपबीती सुनाई।

परिजनों के साथ जा कर उसने सभापुर थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मेडिकल के बाद 164 के तहत पीड़िता के बयान दर्ज कराए और आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण अदालत में पेश किया। पुलिस ने डीएनए टेस्ट भी कराया।

विधि विज्ञान प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में आरोपी के कब्जे से जब्त किए गए चादर में पीड़िता और आरोपी का डीएनए प्रोफाइल मैच पाया गया। अदालत ने अपराध प्रमाणित पाए जाने पर अभियुक्त को शेष जीवन के कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है।

# ईवीएम का डिस्पले पैनल देख सकेंगे उम्मीवार के एजेंट

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना के दौरान ईवीएम के कन्ट्रोल यूनिट पर रिजल्ट बटन दबाते समय प्रत्याशियों के एजेंट को डिस्पले पैनल दिखाने के निर्देश दिये हैं। मतगणना सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करेंगे कि एजेंटों को डिस्पले पैनल दिखाया जाये ताकि वे प्रत्येक प्रत्याशी के पक्ष में डाले गये वोट की गिनती कर सकें, जो कन्ट्रोल यूनिट के डिस्पले पैनल पर प्रदर्शित होंगी।

मतगणना सहायक को कंट्रोल यूनिट को इस प्रकार उठाकर रखना होगा कि डिस्पले पैनल न सिर्फ मतगणना का सुपरवाइजर बल्कि मतगणना टेबिल पर बैठे दूसरे मतगणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर और जाली की दूसरी ओर बैठे प्रत्याशी के एजेंट को भी दिखाई दे। यदि कोई एजेंट ईवीएम पर एक बार से अधिक रिजल्ट देखने की इच्छा व्यक्त करेगा तो मतगणना सुपरवाइजर को उसके संतोष के लिए फिर से रिजल्ट दिखाना होगा। जब प्रत्येक मतदान की टेब्युलेशन शीट (फार्म 17-सी) सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की मेज पर आ जाती है, तो सहायक रिटर्निंग ऑफिसर का कर्तव्य होगा कि टेबिल पर बैठे प्रत्याशी उसके एजेंट मतगणना एजेंट को प्रत्येक प्रत्याशी के रिजल्ट को नोट करने दे। चक्रवार परिणाम पत्रक की प्रतियाँ सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रत्याशियों तथा उनके चुनावी एजेंट को दी जाएगी। चक्रवार परिणाम पत्रक की प्रतियाँ, उस चक्र का परिणाम सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा घोषित होते ही दी जाएंगी। मतगणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जायेगी।

# बारिश के साथ नौतपा की विदाई, गर्मी से राहत

## आखिरी दिन सतना में बदला मौसम का मिजाज, तेज हवा के साथ गिरी बौछारें

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नरम-गरम माहौल के बीच भीषण तपन से झुलसाते रहे नौतपा की सतना से विदाई बारिश की बूंदों के साथ हुई है। नौतपा के 8 दिन तो खूब तपा लेकिन आखिरी दिन तेज हवा के झोंको के साथ हुई बारिश ने गर्मी से बेचौन लोगों को राहत दी है।





रविवार को नौतपा के आखिरी दिन सतना में मौसम ने करवट ली और तेज हवा के झोंकों के साथ तेज बौछारें होने लगीं। पिछले 8 दिनों तक तापमान के रिकार्ड तोड़ने पर उतारु रहे नौतपा के आखिरी दिन मौसम का मिजाज नरम पड़ गया। अधिकतम तापमान गिरकर 32 डिग्री पर जा पहुंचा और तेज चली हवा के साथ हुई बारिश ने बीते 8 दिनों में जानलेवा बन गए नौतपा की विदाई खुशनुमा मौसम के साथ कर दी। बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दे दी। यह स्थिति सिर्फ सतना ही नहीं सतना और मैहर जिले के कई ग्रामीण और कस्बाई अंचलों की भी रही। गौरतलब है कि नौतपा की शुरुआत 25 मई को 40 डिग्री तापमान के साथ हुई थी लेकिन जैसे जैसे दिन गुजरते गए पारा चढ़ता गया। नौतपा के दौरान सतना का तापमान 47 डिग्री से भी ऊपर निकल गया और हीट वेव ने न केवल कई लोगों को अपनी चपेट में ले कर बीमार कर दिया बल्कि दो जानें भी गर्मी ने निगल लीं।

**शहर में कीचड़ ही कीचड़:** हालांकि रविवार को हुई बारिश के कारण जगह-जगह खोदे पड़े सतना शहर में अब जगह-जगह कीचड़ हो जाने से आवागमन और ज्यादा कठिन हो गया है। तेज हवा के कारण भरहुत नगर मोड़ पर दो दरख्त धराशायी हो गए। पेड़ गिरने से वहां खड़े दो पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

भरहुत नगर में ही पुराना आरटीओ ऑफिस के पास एक टीन शेड भी गिर गया। जिसकी चपेट में आने से एक राहगीर बाल-बाल बचा। इसके अलावा कई अन्य स्थानों पर भी फ्लैक्स-होर्डिंग तथा टीन शेड हवा के साथ उड़ गए।

## मतगणना दिवस पर बन्द रहेंगी मदिरा दुकानें

**सतना।** निर्वाचन आयोग और वाणिज्यिक कर विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरुप लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत मतगणना दिवस 4 जून को जिलेभर में सभी देशी तथा विदेशी शराब की मदिरा दुकानें बन्द रहेंगी। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना अनुराग वर्मा तथा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मैहर रानी बाटड ने मतगणना दिवस 4 जून को पूरे दिन जिलेभर में मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंध की अवधि में मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतगणना कर्मियों का रेण्डमाईजेशन त्रि-स्तरीय करने के निर्देश हैं। जिसमें प्रथम रेण्डमाईजेशन के अलावा प्रेक्षकों की उपस्थिति में द्वितीय रेण्डमाइजेशन हो चुका है। तृतीय रेण्डमाईजेशन मतगणना के दिन सुबह 5 बजे होगा, जिसमें गणना कर्मियों को टेबिलों का आवंटन किया जायेगा। मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन रविवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सभागार में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मतगणना प्रेक्षक केआर पटेल, अनूप ठाकुर की उपस्थित में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े सहित सभी सहायक रिटर्निंग आफिसर्स उपस्थित रहे। द्वितीय रेण्डमाईजेशन के उपरांत विधानसभा क्षेत्रवार गणना कर्मियों की ड्यूटी तय हुई है।

# चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के साथ 4 जून को होगी मतगणना

## गणना एजेन्टो को प्रात: 7 बजे और कर्मचारियो को 6 बजे तक प्रवेश कर लेने के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मे हुये मतदान पश्चात इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में दर्ज मतो की गणना पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में 4 जून को प्रात: 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। सुबह 8:30 बजे से ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। मतगणना केन्द्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने बताया कि उम्मीदवारों तथा प्रेक्षकों की उपस्थिति में प्रात: 6 बजे स्ट्रांग रूम खोले जायेंगे। स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईव्हीएम ले जाने के लिए पृथक से दल तैनात किया गया है। अधिकारियों की निगरानी में ईव्हीएम मतगणना कक्ष तक जायेंगी। नवीन भवन में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। इनमें भूतल पर दो विधानसभा क्षेत्र, प्रथम तल पर तीन विधानसभा क्षेत्र और द्वितीय तल पर दो विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना की जायेगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना का कार्य प्रात: 8 बजे से शुरू कर दिया जायेगा। डाक मत पत्र की गणना शुरू होने के 30 मिनट के बाद ईवीएम के मतो की गणना प्रारंभ होगी और चक्रवार परिणाम की घोषणा की जायेगी। अंतिम परिणाम मिलने तक मतगणना लगातार जारी रहेगी। प्रत्येक चक्र की गणना पूरी होने के बाद रिटर्निंग आफीसर द्वारा हस्ताक्षर के बाद इसे इनकोर पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कर दिया जायेगा। इसके बाद कोई भी व्यक्ति निर्वाचन आयोग की वेबसाइट तथा एप पर परिणाम देख सकता है। मीडिया सेंटर में भी प्रत्येक चक्र के परिणाम सूचित किये जायेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने बताया कि प्रत्येक मतगणना कक्ष में मैहर और रामपुर बघेलान विधानसभा में 20-20 तथा अन्य विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 18-18 टेबिलों में होगी। प्रत्येक चक्र में विधानसभा के निर्धारित टेबिल संख्या अनुसार उतने ही मतदान केन्द्रों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबिल में मतगणना सहायक, माइक्रो प्रेक्षक, सुपरवाइजर तैनात रहेंगे। गणना के दौरान एक चक्र की ईवीएम की गणना होने के बाद जब तक उसे वहां से हटाया नही जाता, तब तक दूसरे चक्र की ईवीएम की गणना शुरू नही की जायेगी। काउटिंग के बाद ईवीएम की सीयू और मतपत्र लेखा सीलबंद कर रखे जायेगें। गणना कक्ष में सुरक्षा जाली के दूसरी तरफअभ्यर्थी के गणना एजेन्ट भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित क्रमानुसार बैठेगें। मतगणना कार्य में लगे गणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर का दो बार रेण्डमाइजेशन किया जा चुका है। अंतिम रेण्डमाइजेशन मतगणना दिवस 4 जून को प्रात: 5 बजे प्रेक्षकों की उपस्थिति में किया जायेगा।

**इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस ले जाने पर रहेगा प्रतिबंध:** जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर गणना कक्षों में किसी भी प्रकार का मोबाईल, लैपटॉप एवं इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस सख्ती से प्रतिबंधित रहेगा। गणना कक्षों में केवल प्रेक्षक के अलावा और किसी को भी मोबाईल साथ में ले जाने की इजाजत नहीं होगी। उन्होने बताया कि मतगणना स्थल पर प्राधिकृत प्रवेश पत्र के बिना किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

मतगणना केन्द्र में केवल वैध प्रवेश पत्रधारियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। पत्रकारों को मतगणना की चक्रवार जानकारी देने के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है। निर्वाचन आयोग से प्राधिकार पत्र प्राप्त पत्रकारों को मीडिया सेंटर में ही बैठने की अनुमति होगी। मतगणना केन्द्र में उम्मीदवारों तथा उनके मतगणना एजेंटों को प्रवेश करने की अनुमति रहेगी। मतगणना की चक्रवार जानकारी देने के लिए पृथक से टीम तैनात की गई है। मतगणना पूरी होने के बाद लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफीसर विजेता प्रत्याशी को निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे।

मतगणना स्थल पर रिटर्निंग ऑफीसर धारा 128 की उद्घोषणा मतगणना प्रारंभ होने के पूर्व माइक से करेगें। मतगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों को मतगणना स्थल पर प्रात: 6 बजे तक उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है। जबकि गणना एजेन्टो को प्रात: 7 बजे तक मतगणना स्थल पर प्रवेश कर लेने को कहा गया है। मतगणना स्थल पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रवेश प्राधिकार पत्र धारी मीडिया के व्यक्ति अभ्यर्थी और एजेन्टों वाले सामने के प्रवेश द्वार से प्रवेश करेगें और मतगणना स्थल पर बनाये गये मीडिया कक्ष में बैठेगें। उन्हें इधर-उधर घूमने की इजाजत नहीं होगी। आयोग के निर्देशानुसार मीडिया कर्मी प्राधिकार पत्र धारण कर एस्कार्टिंग आफीसर के साथ बिना मोबाइल के गणना कक्षों में निर्धारित मार्क लाइन तक प्रक्रिया को देखने के लिए जा सकेंगे। इनमें पूरी गणना के दौरान प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधि एक बार और इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि केवल दो बार एस्कार्टिंग आफीसर के साथ ग्रुप में जा सकेंगे।

# ईटीपीबीएस का क्यूआर कोड स्कैन करने काउंटिंग सुपरवाइजर ले जा सकें मोबाइल

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये जारी कार्यक्रमानुसार संसदीय क्षेत्र सतना की मतगणना 4 जून को प्रात: 8 बजे से की जायेगी। गणना की शुरुआत में डाक मतपत्र और ईटीपीबीएस की काउंटिंग की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने ईटीपीबीएस काउंटिंग में तैनात सात काउंटिंग सुपरवाइजर्स को क्यूआर कोड रीड करने और ऑपरेटर को ओटीपी उपलब्ध कराने काउंटिंग कक्ष में मोबाइल ले जाने की अनुमति प्रदान की है। ईटीपीबीएस के सभी सात काउंटिंग सुपरवाइजर्स को मतगणना दिवस पर प्रात: 6 बजे से ड्यूटी स्थल पर फुल मोबाइल चार्ज के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी संेटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।